रीवा

06 जून 2025 शुक्रवार

दैनिक मीडियाऑडीटर


रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



वैभव की बल्लेबाजी...

@ पेज 7

# आईएसआई की मैडम 'एन' हो गई बेनकाब, रची थी खतरनाक साजिश




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत में पाकिस्तान लिए जासूसी के आरोप में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अब जासूसी के कांड को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। दरअसल, पकड़े गए जासूसों से पूछताछ में बार-

### ● जासूसी में गिरफ्तार इन्फ्लुएंसर्स को घुमाया

बार मैडम- एन का नाम सामने आ रहा था। अब इस मैडम एन को लेकर सभी जानकारी सामने आ गई है। मैडम ह का पूरा नाम नौशाबा शहजाद मसूद है और ये महिला पाकिस्तान के लाहौर की रहने वाली है। जानकारी के मुताबिक, इसी महिला ने जासूसी के मामले में गिरफ्तार इन्फ्लुएंसर्स को पाकिस्तान घुमाया था।

आईएसआई की मैडम एन की साजिश बेनकाब हो गई है। दरअसल, वह जासूसों की आड़ में स्लीपर सेल का नेक्सस तैयार करने की साजिश रच रही थी। जासूसी कांड के पकड़े गए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को इसी मैडम ह ने पाकिस्तान घुमाया था। पाकिस्तान आर्मी और आईएसआई के इशारे पर नौशाबा भारत में 500 जासूसों का नेटवर्क खड़ा करने में जुटी थी। करतारपुर कॉरिडोर खुलने के बाद से नौशाबा ज्यादा एक्टिव हो गई थी।

पाकिस्तान घुमाने के बहाने नौशाबा ज्योति मल्होत्रा जैसे तमाम यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएन्सर्स को झांसे में लेने का काम कर रही थी। नौशाबा ही इन यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएन्सर्स को पाकिस्तानी आर्मी और आईएसआई अधिकारियों से मिलवाती थी। पाकिस्तान आर्मी और ढ्ढस्ढ्ढ के इशारे पर नौशबा भारत में रह रहे हिंदू और सिखों को विशेष तौर पर टारगेट करती थी। नौशाबा पीछे 6 महीनों में अभी तक करीब 3000 भारतीय और 1500 के करीब विदेशो में रह रहे भारतीयो को पाकिस्तान में फैसिलिटेट के चुकी है।

नौशाबा की दिल्ली में मौजूद पाकिस्तानी दूतावास के वीजा डिपार्टमेंट में भी खासी पैठ थी। नौशाबा सीधे फर्स्ट सेक्रेटरी वीजा सुहैल कमर और काउंसलर ट्रेड उमर शेरयार के संपर्क में थी। मतलब नौशाबा जिसको कहती एक फ़ोन पर उसे तुरंत वीजा मिल जाता था। पाक दूतावास में बतौर वीजा ऑफिसर काम करने वाले आईएसआई अधिकारी दानिश से भी नौशाबा की सीधी बात होती थी। खास बात ये कि तकनीकी रूप से भारत से पाकिस्तान के लिए पर्यटकों को भेजने की कोई व्यवस्था नहीं है, और न ही भारतीय नागरिकों को पर्यटक वीज़ा जारी करने की कोई प्रक्रिया मौजूद है। लेकिन पाकिस्तान उच्चायोग मैडम नौशाबा की सिफारिश और स्पॉन्सरशिप पर विज़िटर वीज़ा जारी कर रहा है। साथ ही, वह भारत में पाकिस्तान सेना के लिए स्लीपर सेल तैयार करने में भी सहायता कर रही है।

**नौशाबा की पर्सनल डिटेल्स सामने आईड्ः** आइए अब आपको इस मैडम नौशाबा की पर्सनल जानकारी भी देते हैं कि कैसे ये भारतीय यूट्यूबर्स के साथ फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन कर रही थी। इसी तरह नौशाबा के दो बैंक अकाउंट की भी डिटेल्स हमारे हाथ लगी है जिसके जरिए भारतीयों के साथ उसकी मनी ट्रांजेक्शन ट्रेल को खंगाला जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### इजरायली सेना ने गाजा पट्टी से बरामद किए 2 और शव

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजरायल ने सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के दौरान बंधक बनाए गए 2 इजरायली-अमेरिकी लोगों के शव बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को इस बारे में जानकारी दी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि जूडिह वीनस्टीन और गैड हग्गई के शव सेना और आंतरिक सुरक्षा एजेंसी 'शिन बेट' की ओर से चलाए गए एक विशेष अभियान के तहत बरामद कर इजरायल लाए गए हैं। पीएम नेतन्याहू ने कहा, ''इजरायल के सभी नागरिकों की ओर से मैं इनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।'' किब्बुत्ज नीर ओज ने दिसंबर 2023 में वीनस्टीन (70) और हग्गई (72) की मृत्यु की पुष्टि की थी। किब्बुत्ज




नीर ओज एक समुदाय है। इजरायली सेना ने कहा कि वो दोनों सात अक्टूबर को हुए हमले में मारे गए थे और हाल में उनके शव दक्षिणी गाजा के शहर खान यूनुस से बरामद किए गए हैं। इस बीच नासिर अस्पताल के अनुसार, खान यूनिस में रातभर इजरायली हमलों में कम से कम 10 फलस्तीनी मारे गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा शहर में अल-अहली अस्पताल परिसर पर हुए हमले में 3 स्थानीय पत्रकार मारे गए और छह लोग घायल हो गए। पत्रकारों की तत्काल पहचान नहीं बताई गई साथ ही यह भी नहीं बताया गया कि वो किस मीडिया संस्थान के लिए काम करते थे।

### डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ खोला मोर्चा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्षमादान देने और अन्य दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा 'ऑटोपेन' का इस्तेमाल किए जाने की जांच करने का आदेश दिया है। इसके अलावा अमेरिकी संसद के निचले सदन-प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं ने भी बाइडेन के करीबी सदस्यों से पूछताछ का अनुरोध किया है। 'ऑटोपेन' एक यांत्रिक उपकरण है जिसका उपयोग किसी व्यक्ति के प्रामाणिक हस्ताक्षर की नकल करने के लिए किया जाता है और



अमेरिका के राष्ट्रपति दशकों से इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया है कि बाइडेन की कुछ कार्रवाइयां अमान्य थीं और उनके सहयोगियों ने राष्ट्रपति के अधिकार का दुरुपयोग किया जिससे बाइडेन की ''सोचने-समझने की शक्ति कमजोर'' होने की बात को छिपाया जा सके। ट्रंप ने एक ज्ञापन में लिखा, ''यह साजिश अमेरिकी इतिहास के सबसे खतरनाक और चिंताजनक घोटालों में से एक है।'' उन्होंने कहा, ''अमेरिकी जनता से जानबूझकर यह छिपाया गया कि कार्यकारी शक्ति किसके पास है और बाइडेन के हस्ताक्षर का इस्तेमाल हजारों दस्तावेजों पर किया गया ताकि बड़े नीतिगत बदलाव किए जा सकें।'' ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी और अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' के वकील डेविड वॉरिंगटन को इस जांच का जिम्मा सौंपा है। इस बीच, अमेरिका की प्रतिनिधि सभा की मुख्य जांच समिति 'हाउस ओवरसाइट कमेटी' के अध्यक्ष एवं रिपब्लिकन नेता जेम्स कॉमर ने आरोप लगाया कि सहयोगी बाइडेन की स्वास्थ्य संबंधी स्थिति को छिपाने की कोशिश में शामिल थे जो ''हमारे देश के इतिहास के सबसे बड़े घोटालों में से एक'' है।

## स्टेशन पर आरपीएफ कांस्टेबल की बहादुरी, चलती ट्रेन से फिसले यात्री को बचाया



**कटक (एजेंसी)।** भारत में जल्दबाजी में ट्रेन पकड़ने की कोशिश में कई लोग हादसे का शिकार होते रहते हैं। हालांकि, कई बार सुरक्षाकर्मी या आम लोग भी देवदूत बनकर सामने आते हैं और संकट में फंसे लोगों की जान बचा लेते हैं। ऐसा ही एक मामला फिर से सामने आया है। ओडिशा के कटक रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। रेलवे सुरक्षा बल के एक कांस्टेबल ने चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहे एक यात्री की जान बचा ली। यह घटना 5 जून 2025 को सुबह 8ः05 बजे प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर हुई है। पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर के रहने वाले 44 साल के मोहम्मद मुजाहिर, किशनगंज जाने के लिए ट्रेन नंबर 22503 कन्याकुमारी-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस में चढ़ने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, ट्रेन पहले ही चल चुकी थी और तेज होती रफ्तार में उनका पैर फिसल गया। वह सीधे प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच की खतरनाक जगह की ओर गिरने लगे। उसी वक्त पास में ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ कांस्टेबल तुलु बेहरा ने तुरंत स्थिति को भांप लिया। बिना एक पल गंवाए वह दौड़े और झट से मुसाफिर को पकड़ लिया। उन्होंने मजबूती से मुजाहिर का हाथ पकड़कर खींचा और कुछ ही सेकंड में उन्हें ट्रेन के नीचे आने से बचा लिया। कांस्टेबल द्वारा यात्री की जान बचाने की पूरी घटना स्टेशन पर लगे कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। 39 सेकंड का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**दोनों के बीच पुरानी दुश्मनी की बात सामने आई**

## दिल्ली के साकेत कोर्ट में दो कैदियों के बीच खूनी झड़प, एक की मौत

**दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के साकेत कोर्ट में हैरान कर देने वाली घटना घटी है। यहां दो कैदियों के बीच खूनी झड़प हुई है जिसमें एक कैदी की जान चली गई है। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार की सुबह जेल नंबर से 8 पेशी के लिए कैदियों को कोर्ट के लॉकअप में लाया गया था। इसी दौरान दो कैदियों के बीच झड़प हो गई जिसमें अमन नाम का कैदी घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया लेकिन यहां उसकी मौत हो गई। आइए जानते हैं इस घटना के बारे में सबकुछ।




साकेत कोर्ट में के लॉकअप में हुई खूनी झड़प को लेकर दिल्ली पुलिस ने इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा- ÷साकेत कोर्ट के लॉकअप के अंदर दो अन्य कैदियों ने अमन नामक कैदी की हत्या कर दी है। वे तिहाड़ जेल नंबर 8 में बंद थे और उन्हें अदालत की कार्यवाही के लिए साकेत कोर्ट लाया गया था। पुलिस ने बताया है कि जितेन्द्र और जयदेव ने मिलकर अमन पर हमला किया था।÷ पुलिस ने आगे ये भी बताया कि अमन और जितेन्द्र के बीच पुरानी दुश्मनी की बात सामने आई है।

इस घटना को लेकर दिल्ली पुलिस ने कहा है कि 5 जून को साकेत कोर्ट के खारजा नंबर 5 में मारपीट की घटना सामने आई है। अमन नाम के एक शख्स को पेशी के लिए लॉकअप में लाया गया था। इस दौरान खारजा नंबर 5 के भीतर में अमन समेत कई अन्य विचाराधीन कैदी मौजूद थे। इस दौरान दो अन्य कैदी जितेन्द्र और जयदेव ने अमन पर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया है कि जितेन्द्र और अमन के बीच पुरानी दुश्मनी थी। दरअसल, साल 2024 में जब वे दोनों जेल के बाहर थे तब मारपीट की एक घटना हुई थी। कथित तौर पर अमन ने उस दौरान जितेन्द्र और उसके भाई पर चाकू से हमला किया था।

## रीवा में सड़क हादसे में 7 की मौत, तीन गंभीर

**रीवा (एजेंसी)।** रीवा में सीमेंट सीट से लदा एक बल्कर ट्रक ऑटो पर पलट गया। हादसे में ऑटो सवार 7 लोगों की मौत हो गई। 4 लोगों की तो



मौके पर ही जान चली गई। एक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। जबकि 2 लोगों की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मरने वालों में 4 बच्चे, एक महिला और दो पुरुष शामिल हैं। हादसे में 3 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस के अनुसार, ऑटो में कुल 10 लोग सवार थे। सभी मऊगंज के नई गढ़ी के रहने वाले थे और प्रयागराज से गंगा स्नान कर लौट रहे थे। बल्कर भी प्रयागराज से रीवा की ओर आ रहा था। यूपी-एमपी के बॉर्डर पर सोहागी घाटी से गुजरते वक्त ट्रक ने ऑटो को ओवरटेक किया। इसी दौरान अनियंत्रित होकर वह ऑटो के ऊपर पलट गया।

## लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में अग्निवीर जवानों की शानदार पासिंग आउट परेड

**520 अग्निवीर जवानों ने कठिन ट्रेनिंग पूरी कर शपथ ली**

**श्रीनगर/लेह (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के JKLI रेजिमेंट सेंटर और लेह में स्थित लद्दाख स्काउट्स रेजिमेंटल सेंटर में गुरुवार को अग्निवीर जवानों की पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। इन परेड्स में कुल मिलाकर 520 अग्निवीर जवानों ने अपनी सात महीने की कठिन ट्रेनिंग पूरी कर भारतीय सेना का हिस्सा बनने की शपथ ली। यह समारोह भारतीय सेना की गौरवशाली परंपराओं के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसमें सैन्य और असैन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ जवानों के परिवार वाले भी शामिल हुए। बडगाम और लेह में हुई इन परेड में अग्निवीरों का जोश और जज्बा देखने लायक था।



लद्दाख स्काउट्स रेजिमेंटल सेंटर में 194 अग्निवीर जवानों की पासिंग आउट परेड आयोजित हुई। इस समारोह की समीक्षा मेजर जनरल गुरपाल सिंह ने की। लद्दाख के विभिन्न क्षेत्रों से आए इन युवा अग्निवीर जवानों ने शानदार परेड का प्रदर्शन किया। समीक्षा अधिकारी ने जवानों को उनकी उत्कृष्ट परेड के लिए बधाई दी और देश की सेवा में समर्पित रहने का आह्वान किया। उन्होंने लद्दाख स्काउट्स के सैनिकों की असाधारण वीरता और योगदान की सराहना की। इस दौरान प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जवानों को मेडल प्रदान किए गए। इसके अलावा, गौरव पदक उन माता-पिता को दिया गया जिनके बच्चे अग्निवीर के रूप में रेजिमेंट में शामिल हुए और जिन्होंने स्वयं सेना में सेवा की है या कर रहे हैं।

## 'प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी न करें'

**बकरीद को लेकर एमपी वक्फ बोर्ड की एडवाइजरी**

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड ने ईदुल अजहा के पाक त्योहार के मौके पर एडवाईजरी जारी कर कुर्बानी के दौरान साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की है। एडवाइजरी में ईदुल अजहा के त्योहार को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। इनमें कुर्बानी के लिए चयनित स्थानों का उपयोग, साफ-सफाई का विशेष ध्यान, कुर्बानी की जगह को सुरक्षित ढंग से बंद रखने, जानवरों की अनुपयोगी चीजों का उचित निस्तारण, प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी न करने और सोशल मीडिया पर कुर्बानी के वीडियो या ऑडियो न डालने की सलाह शामिल हैं। इसके साथ ही, ईद की नमाज केवल ईदगाह या मस्जिद परिसर में ही पढ़ने का अनुरोध किया गया है, ताकि सड़कों पर भीड़ न हो और सुरक्षा बनी रहे।

एमपी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सनवर पटेल द्वारा जारी एडवाइजरी में लिखा है कि मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अंतर्गत प्रदेश भर में मस्जिदें, कब्रस्तान, दरगाहें मजारात,




ईदगाहें, कर्बला एवं मदरसा स्कूल आदि के रूप में लगभग 15 हजार वक्फ सम्पत्तियां पंजीकृत हैं। ईदुल अजहा इस्लाम के सबसे महत्वपूर्ण त्योहार में से एक है। इस खास मौके पर मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड अपने अधिनस्थ समस्त वक्फ मुतवल्लियों/प्रबंध समितियों को निम्न आवश्यक एडवाइजरी जारी करता है।

प्रदेश के समस्त कलेक्टर्स एवं जिला दण्डाधिकारियों द्वारा ईदुल अजहा (कुरबानी) के त्योहार को सफल बनाने की दृष्टि से जारी एडवाईजरी का सख्ती से पालन करें एवं इस से आमजन को बाखबर करावें, ताकि राज्य शासन द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन सुनिश्चित हो सके। कुरबानी की जगह को चारों तरफ से दीवार/टीनशेड से बंद रखें। उक्त जगहों पर आवश्यक दवाईयों का छिड़काओ करावें। इस अवसर पर विशेषकर साफ सफाई का ध्यान रखा जाना अपनी धार्मिक एवं नैतिक जिम्मेदारी समझें। कुरबानी के लिये चयनित स्थानों पर ही कुरबानी करें, उसे भली भांति ढंक कर अपने स्थान तक ले जावें। कुरबानी के जानवर की अनुपयोगी चीजों को सुरक्षित एवं नगर निगम /पालिका द्वारा रखे कन्टेनर अथवा चयनित जगहों पर ही डालें। प्रतिबंधित जानवरों की कुरबानी किसी भी सूरत में न करें एवं सरकारी आदेशों का पूरी से पालन करें। कुरबानी का कोई विडियो / ओडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल न करें। ईद की नमाज केवल ईदगाह के अन्दर एवं मस्जिद परिसर में ही पढ़ें। गैर जरूरी तौर पर सड़कों में नमाज अदा करने से बचें। जरूरत महसूस होने पर स्थानीय प्रशासन को भरोसे में लेकर ईद की नमाज अदा करें।

## 'छोटे कपड़े पहनने वाली महिलाएं अच्छी नहीं लगतीं'

**भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने दिया बयान**

**इंदौर (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता और मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने एक बार फिर से ऐसा बयान दिया है जिसपर चर्चाएं हो रही हैं। कैलाश विजयवर्गीय ने महिलाओं के छोटे कपड़े पहनने की आदत पर असहमति जताई है। विजयवर्गीय ने कहा है कि उन्हें कम (छोटे) कपड़े पहनने वाली महिलाएं अच्छी नहीं लगती है। विजयवर्गीय ने आगे ये भी कहा है कि वह छोटे या खुले कपड़े पहनने वाली लड़कियों के साथ फोटो खिंचवाने से भी इनकार कर देते हैं। आइए जानते हैं कि कैलाश विजयवर्गीय ने ऐसा बयान क्यों और किस परिपेक्ष्य में दिया है। दरअसल, मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने गुरुवार को इंदौर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ये बयान दिया है। इस दौरान विजयवर्गीय भाजपा की के स्थानीय इकाई के अध्यक्ष



सुमित मिश्रा के संक्षिप्त भाषण की तारीफ की और कहा कि भाषण छोटा ही दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा- एक विदेशी कहावत है जो अच्छी तो नहीं है लेकिन इसकी काफी चर्चा होती है। विदेश में कहते हैं कि जैसे कम कपड़े पहनने वाली लड़की खूबसूरत होती है, वैसे ही कम भाषण देने वाला नेता भी बढ़िया होता है। विदेश में ऐसा कहा जाता है लेकिन मैं इस कहावत को नहीं मानता हूं। भारत में महिलाओं को देवी का स्वरूप माना जाता है और वह खूब अच्छे कपड़े पहने।

भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि उन्हें कम कपड़े पहनने वाली महिला अच्छी नहीं लगी। उन्होंने बताया कि कई बार बच्चियां उनके साथ सेल्फी लेने के लिए आती हैं लेकिन वह उनसे पहले अच्छे कपड़े पहन कर आने को कहते हैं। विजयवर्गीय ने कहा- भारत में कोई लड़की अच्छे और सुंदर कपड़े पहने, अच्छा श्रृंगार करे और अच्छे गहने पहने, तो उन्हें काफी सुंदर माना जाता है। लेकिन विदेश में कम कपड़े पहनने वाली महिलाओं को अच्छा मानते हैं। ये उनकी सोच है।

## दिल्ली में ताबड़तोड़ चली गोलियां, पुलिस के साथ एनकाउंटर में दो बदमाश घायल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस अब ऑपरेशन लंगड़ा के जरिए अपराधियों पर नकेल कसने में जुटी है। इसी कड़ी में शेख सराय इलाके में आज उस समय अचानक हड़कंप मच गया जब ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई। यहां दिल्ली पुलिस और बदमाशों के बीच एनकाउंटर हुआ। इस एनकाउंटर में दो बदमाश घायल हो गए। यह एनकाउंटर शेख सराय में रेड लाइट पर हुआ।बताया जाता है कि पुलिस और बदमाशों के बीच 5 से ज्यादा गोलियां चली है। एनकाउंटर में एक घायल हुए बदमाशों में से एक आरोपी का नाम दीपक है। दरअसल, पिछले महिने 15 मई को दिल्ली के छतरपुर



इलाके में स्कूू से जा रहे अरुण लोहिया की दो बाइक सवार बदमाशों ने 10 से 12 गोलियां चलाकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में यह दोनों बदमाश शामिल थे। दिल्ली पुलिस को खुफिया इनपुट मिला था कि दीपक अपने साथी के साथ शेख सराय इलाके में आने वाला है। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने ट्रैप लगाकर दीपक को उसके साथी के साथ आता देख रोकने की कोशिश की। लेकिन दीपक और उसके साथी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी और उसके बाद दिल्ली पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश घायल हो गए।

# पर्यावरण विषयों पर पीएचडी करने वाले विद्यार्थियों को मिली स्कॉलरशिप

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में गुरुवार को राज्य स्तरीय विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम हुआ।। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पर्यावरण हितग्राही मोबाइल एप्लिकेशन समेत कई योजनाओं का शुभारंभ किया। साथ ही पर्यावरण से जुड़े विषयों में पीएचडी करने वाले विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी। इस कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप सिंह परिहार, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, कृष्णा गोड़, मालती राय, रामेश्वर शर्मा और भगवानदास सबनानी मंच पर मौजूद रहे।

कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (द्ध) के प्रयोग की भी घोषणा हुई और पर्यावरण विषय पर पीएचडी कर रहे छात्रों को छात्रवृत्ति देने और पर्यावरण से संबंधित नए पाठ्यक्रम और डिग्री को भी लॉन्च किया गया।

भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने पर्यावरण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया। खंडवा नगर निगम को 1.5 लाख, सतना नगर निगम और सिवनी मालवा नगर परिषद सहित इंदौर जिले की गौतमपुरा



परिषद को भी पुरस्कृत किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि 1972 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की शुरुआत हुई थी। प्रधानमंत्री की मुहिम पर चलते हुए इस साल मध्य प्रदेश में भी एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। पिछले साल सरकार ने 5 करोड़ लगाए थे।

पर्यावरण मंत्री दिलीप सिंह ने कहा कि प्लास्टिक हमारे जीवन में बड़ी चुनौती बन चुका है और इसके खिलाफ पूरे प्रदेश में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जल संरक्षण के लिए 'जल-गंगा संवर्धन अभियान' भी चार महीने से चल रहा है जिसमें मुख्यमंत्री, जनप्रतिनिधि और अधिकारी सक्रिय रूप से शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अब लोग जन्मदिन और शादी की सालगिरह जैसे अवसरों पर पेड़ लगाकर उन्हें यादगार बना रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान की सराहना की और कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से पौधों में प्राण की मान्यता रही है।

## प्रेस-काउंसिल अथवा भारतीय प्रेस-परिषद के नाम का उपयोग करना अवैधानिक

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। केन्द्र सरकार ने प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया (भारतीय प्रेस परिषद) के नाम के अनाधिकृत उपयोग पर रोक लगाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा एडवाइजरी में कहा गया है कि उन्हें सूचना मिली है,कुछ प्रेस संगठनों द्वारा %प्रेस-परिषद% शब्द का अनुचित उपयोग किया जा रहा है, जिससे प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया की संस्थागत महत्ता प्रभावित हो रही है और उसके विशिष्ट अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह एडवाइजरी जारी की गई है।

सचिव सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया एक सांविधिक निकाय है। इसकी स्थापना प्रेस-परिषद अधिनियम-1978 के तहत प्रेस की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखने और समाचार-पत्रों एवं समाचार एजेंसियों के मानकों को बनाए रखने एवं सुधारने के उद्देश्य से की गई थी। इसका सचिवालय नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सूचना भवन में है। सचिवालय द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि भारतीय प्रेस-परिषद की किसी भी राज्य में कोई शाखा नहीं है, न ही उसने किसी अन्य निकाय को अपने समान या मिलते-जुलते नाम का उपयोग करने के लिए अधिकृत किया है।

सचिवालय से जारी निर्देश के अनुसार किसी संगठन द्वारा प्रेस काउंसिल अथवा भारतीय प्रेस-परिषदशब्द का उपयोग करना, प्रतीक और नाम के अनुचित उपयोग निवारण अधिनियम, 1950 की धारा 3 और प्रविष्टि 7(द्वद्व) का उल्लंघन है। इस संदर्भ में केन्द्रीय विधि विभाग ने भी स्पष्ट किया है कि किसी अन्य संगठन द्वारा इस नाम का उपयोग करना अवैध है और इसके लिए कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। सचिवालय ने प्रेस-काउंसिल अथवा भारतीय प्रेस परिषदशब्द का उपयोग न करने के संबंध में सभी जिला कलेक्टर्स को भी निर्देशित किया गया है। सचिवालय का निर्देश है कि यदि कोई स्थानीय, निजी अथवा सरकारी संगठन इस नाम का दुरुपयोग करता है, तो उनके पंजीकरण को निरस्त किया जाए अथवा उसमें आवश्यक सुधार किया जाए। सरकार की इस पहल का उद्देश्य प्रेस परिषद ऑफ इंडिया की प्रतिष्ठा को बनाए रखना और प्रेस की स्वतंत्रता व मानकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## राज्यपाल ने रामफल का पौधा रोप कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजभवन के नवग्रह उद्यान में पौधारोपण किया। उन्होंने रामफल का पौधा लगाया। राज्यपाल श्री पटेल ने प्रदेशवासियों से भी पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने जीवन के विशेष अवसरों जैसे जन्म दिवस, वर्षगांठ आदि पर एक पेड़ अवश्य लगाएं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के. सी. गुप्ता ने लीची का पौधा लगाया। अपर सचिव श्री उमाशंकर भार्गव ने सिंदूर का पौधा लगाया।

## आरडीएसएस अंतर्गत इंदौर जिले में 10वां बिजली ग्रिड ऊर्जीकृत

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। आरडीएसएस अंतर्गत इंदौर जिले में तैयार 10वां बिजली ग्रिड बुधवार को प्रोटोकॉल के साथ ऊर्जीकृत किया गया। 33/11 केवी का यह ग्रिड देपालपुर क्षेत्र के लिम्बोदा गारी में 2.94 करोड़ की लागत से तैयार हुआ है। इससे हजारों उपभोक्ताओं को पहले की तुलना में ज्यादा गुणवत्ता से बिजली मिलेगी, वोल्टेज उतार चढ़ाव संबंधी परेशानी नहीं होगी। आरडीएसएस अंतर्गत देश का पहला ग्रिड इंदौर के अरविंदो अस्पताल के पास ईमलीखेड़ा में तैयार हुआ था।

## पर्यटन विभाग अब कंडम बसों में बनाएगा पिंक टॉयलेट

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** एक समय सड़कों पर दौड़ीं बसें कंडम होने के बाद टॉयलेट के काम आएंगी। पर्यटन विभाग ने इन बसों को महिलाओं के उपयोग के लिए पिंक टॉयलेट के रूप में तैयार करने का निर्णय लिया है। प्रदेश की पहली पिंक टॉयलेट का दो दिन पहले पचमढ़ी में लोकार्पण हो चुका है, जबकि जल्द ही ओरछा में भी ऐसी ही टॉयलेट स्थापित होगी। इसका संचालन स्व-सहायता समूह करेंगे और जरूरत पड़ने पर इसे एक से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकेगा।

प्रदेश के बड़े शहरों में यातायात व्यवस्था के उपयोग में आने वाली कई बसें अब कंडम हो चुकी हैं। जिनका इस्तेमाल अब सवारी परिवहन में नहीं किया जा सकता है। ऐसी बसों का उपयोग पर्यटन विभाग करेगा। इसमें टॉयलेट बनाए जाएंगे, जो महिला एवं पुरुष इस्तेमाल कर सकेंगे। इन टॉयलेट के पास कैफेटेरिया भी बनाए जाएंगे। ऐसी ही एक बस को पचमढ़ी में पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला ने लोकार्पित किया है। शुक्ला ने कहा कि बगैर किसी सरकारी खर्च के इस तरह की चार पिंक टॉयलेट बसों को तैयार करके पचमढ़ी और ओरछा में रखा जाएगा, जो पर्यटन के लिए पहुंचने वाली महिलाओं के लिए उपयोगी होंगे। प्रमुख सचिव शुक्ला ने दैनिक भास्कर से चर्चा में कहा कि ऐसी बसें जो कंडम हो चुकी हैं और जिनका उपयोग नहीं है, जो सिर्फ स्क्रैप हैं। इस तरह की कंडम हो चुकी बसों को महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट के रूप में तैयार कर उपयोग में लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाएं ही इसका संचालन करेंगी। सरकार की मंशा के बाद पर्यटन स्थलों पर ऐसे पिंक टॉयलेट उपयोग किए जाने पर जोर दिया जा रहा है। इसमें सरकार का एक भी पैसा नहीं लगेगा। सीएसआर फंड से इसको तैयार किया जा रहा है। यह एक नवाचार है जो एमपी में पर्यटन विभाग द्वारा किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ऐसी बसों को महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसमें पुरुषों के लिए भी टॉयलेट होंगे। ऐसी बसों को पर्यटन स्थलों पर महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट के रूप में विकसित कर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसका संचालन महिला स्वसहायता समूह की सदस्य करेंगी। इसके साथ ही एक कैफेटेरिया भी जोड़ा गया है जिससे स्वसहायता समूह की आमदनी बढ़ेगी। पिंक टॉयलेट से भी आमदनी होगी। प्रमुख सचिव ने कहा कि ऐसी कंडम बसों में से दो पचमढ़ी और दो ओरछा में तैयार कर पर्यटकों के लिए उपलब्ध कराई जा रही हैं। ऐसे में ऑफ रोड हो चुकी बसों का भी उपयोग हो जाएगा।

## पीआरसी, सीएलआर के पद मर्ज किए जाने के बाद वर्कशॉप

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मोहन कैबिनेट द्वारा प्रमुख राजस्व आयुक्त (पीआरसी) और आयुक्त भू अभिलेख (सीएलआर) के पदों को मर्ज किए जाने के बाद अब वेब जीआईएस सॉल्यूशन पर आधारित कार्यशाला के जरिए केरल, कर्नाटक, असम और आंध्र प्रदेश के रेवेन्यू सिस्टम के नवाचार पर चर्चा होगी।

दो दिन तक चलने वाली इस कार्यशाला में शहरी संपत्ति के सर्वे और भू-स्थानिक (जियो स्पेशियल) डाटा प्रबंधन पर डिस्कसन होगा। इसमें एप के जरिए प्रॉपर्टी वैल्यूएशन, प्रॉपर्टी के एक से अधिक मालिकों की स्थिति और रिकॉर्ड अपडेट बनाए रखने की प्रायोगिक जानकारी दी जाएगी।

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय का भूमि संसाधन विभाग और मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) द्वारा संयुक्त रूप से दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 5 और 6 जून को भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईसर) भौरी भोपाल में किया जाएगा।

कार्यशाला में देशभर के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ और भू-प्रबंधन से जुड़े एक्सपर्ट भाग लेंगे।

नक्शा वेब-जीआईएस सॉल्यूशन पर आधारित कार्यशाला में इस प्लेटफॉर्म की क्षमताओं का शहरी संपत्ति सर्वेक्षण और भू-स्थानिक (जियो स्पेशियल) डाटा प्रबंधन में उपयोग को लेकर जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला का उद्देश्य भूप्रबंधन और प्रशासनिक प्रणाली को पारदर्शी और तकनीक सक्षम बनाना है।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय भूमि संसाधन विभाग के निदेशक श्याम कुमार, केन्द्रीय भूमि संसाधन संयुक्त सचिव कुणाल सत्यार्थी, एसीएस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग संजय दुबे, प्रमुख सचिव राजस्व विभाग विवेक पोरवाल, एसीएस नगरीय विकास एवं आवास विभाग संजय शुक्ला और राजस्व सचिव एवं भू अभिलेख आयुक्त अनुभा श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## भोपाल-इंदौर हाईवे पर खंभा गिरने से लगा लंबा जाम

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। गुरुवार सुबह भोपाल-इंदौर हाईवे पर फंदा टोल प्लाजा के पास एक बिजली पोल गिर जाने से हाईवे पर दोनों ओर करीब दो घंटे लंबा जाम लग गया। सुबह 7ः30 बजे शुरू हुए इस जाम में यात्री बसों, भारी वाहनों और निजी गाड़ियों समेत सैकड़ों वाहन फंसे रहे। स्थिति इतनी गंभीर थी कि हाईवे पर कई किलोमीटर लंबी लाइनें लग गईं। जानकारी के अनुसार, अचानक एक बिजली का खंभा सड़क पर गिर गया, जिससे आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले ट्रैफिक डायवर्ट करने की कोशिश की, लेकिन पोल (खंभा) बीच रास्ते में पड़ा होने के कारण वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से रुक गई। फंदा टोल प्लाजा पर फंसे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कुछ लोगों ने बताया कि वे ऑफिस, स्कूल और अस्पताल जैसे जरूरी कामों से जा रहे थे, लेकिन जाम में फंसकर सभी योजनाएं बिगड़ गईं। पुलिस और



प्रशासन की मदद से करीब 9ः15 बजे तक खंभे को हटाकर ट्रैफिक धीरे-धीरे चालू किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि स्थिति अब सामान्य हो गई है।

## 'नक्शा' वेब-जीआईएस प्लेटफॉर्म पर राष्ट्रीय कार्यशाला भोपाल में 6 जून को

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय का भूमि संसाधन विभाग और मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) द्वारा संयुक्त रूप से दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 6 जून 2025 को भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भौरी भोपाल में किया जाएगा। कार्यशाला में देशभर के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ और भू-प्रबंधन से जुड़े पेशेवर भाग लेंगे।

'नक्शा' वेब-जीआईएस सॉल्यूशन पर आधारित इस कार्यशाला में इस प्लेटफॉर्म की क्षमताओं का शहरी संपत्ति सर्वेक्षण और भू-स्थानिक डाटा प्रबंधन में उपयोग पर प्रकाश डाला जायेगा। कार्यशाला का उद्देश्य भू-प्रबंधन और प्रशासनिक प्रणाली को पारदर्शी और तकनीक सक्षम बनाना है। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय भूमि संसाधन विभाग के निदेशक श्री श्याम कुमार, केन्द्रीय भूमि संसाधन संयुक्त सचिव श्री कुणाल सत्यार्थी, एसीएस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग श्री संजय दुबे, प्रमुख सचिव राजस्व विभाग श्री विवेक पोरवाल, एसीएस नगरीय विकास एवं आवास विभाग श्री संजय शुक्ला और राजस्व सचिव एवं भू-अभिलेख आयुक्त सुश्री अनुभा श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## नर्मदा नदी से लगे ग्रामों में नदी के आसपास स्वच्छता के लिये सामूहिक श्रमदान

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश भर में 30 जून तक निरंतर जारी रहेगा। प्रदेश के नर्मदा नदी से सटे जिलों में नर्मदा पथ सर्वेक्षण यात्रा निरंतर जारी है। यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों को नर्मदा नदी के किनारों को पर्यावरण सरंक्षण के उद्देश्य से साफ सफाई की शपथ दिलाई जा रही है। इसी के साथ जिलों में तालाबों को चिन्हित कर मछली पालन के जरिये किसानों की आमदनी बढ़ाये जाने के अवसरों की तलाश की जा रही है।

डिण्डौरी जिले में विकासखंड बजाग की ग्राम पंचायत गीधा स्थित संगम गोमती नर्मदा घाट पर मां नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जन



जागरण यात्रा का विधिवत शुभारंभ नर्मदाष्टक एवं मां नर्मदा की आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत घाट परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिले में चल रही यात्रा का उद्देश्य मां नर्मदा के पथ पर जन जागरूकता फैलाना, जल स्त्रोतों का संरक्षण करना एवं स्वच्छता को बढ़ावा देना है। इस दौरान ग्रामीणों को जल की महत्ता के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें प्राकृतिक संसाधनों के सतत सदुपयोग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने नर्मदा सेवा के संकल्प को दोहराते हुए पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

प्रदेश के 16 जिलों के 51 विकासखंडों में चिन्हित 335 पंचायतों में माँ नर्मदा सर्वेक्षण एवं जनजागरण यात्रा निकाली जा रही है। मंडला जिले में उत्तर तट की प्रत्येक नर्मदा तटीय ग्राम पंचायत में नर्मदा पथ सर्वेक्षण यात्रा पहुँच रही है। यात्रा के दौरान सार्वजनिक चौपालों के माध्यम से नर्मदा सेवा समितियों का गठन भी किया जा रहा है।

## इंदौर में ट्रांसमिशन लाइनों के समीप बने घातक

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) और इंदौर नगर निगम ने शहर में एक्स्ट्रा हाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइनों के समीप निर्धारित विद्युत सुरक्षा मापदंड़ो की अवहेलना कर निर्मित किये गये मानव जीवन के लिये घातक और असुरक्षित अनाधिकृत निर्माणों को हटाने के लिये एक मुहिम शुरू की है। इसमें इंदौरवासियों को ट्रांसमिशन लाइनों के संपर्क में आने से होने वाली दुर्घटनाओं की आंशका से बचाया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व खजराना क्षेत्र स्थित कृष्ण विहार कॉलोनी में एक दर्दनाक हादसे में 38 वर्षीय मजदूर मनोज सोलंकी की



मौत हो गई थी। यह दुर्घटना 132 के.व्ही. महालक्ष्मी-साउथ ज़ोन ट्रांसमिशन लाइन के इंडक्शन ज़ोन में निर्माण कार्य किए जाने के कारण हुई थी। एम.पी. ट्रांसको इंदौर की अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रीमती नीलम खन्ना ने बताया कि इंदौर के ऐसे सभी क्षेत्र जहां पहले से ही ट्रांसमिशन लाइनें क्रियाशील है, फिर भी विद्युत सुरक्षा मापदंड़ों को नजर अंदाज कर उनके समीप अनाधिकृत निर्माण कर लिये गये है, उन क्षेत्रों में ट्रांसमिशन लाइनों से दुर्घटना एवं जनहानि होने की आंशका के मद्देनजर वहां पर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा सुरक्षा नियमों की जानकारी घर-घर चस्पा की जा रही है। साथ ही कर्मचारी लाइनों से सुरक्षित दूरी बनाये रखने हेतु पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम से अनाउसमेंट भी कर रहे हैं। जागरूकता एवं जनसुरक्षा के लिये ट्रांसमिशन लाइनों के संपर्क में आने से संभावित खतरों से सचेत भी कराया जा रहा है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की गाइडलाइन्स के अनुसार, 132 के.व्ही. या इससे ऊपर की एक्स्ट्रा हाई टेंशन लाइन के ऊपर या नीचे किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य 27 मीटर के कॉरीडोर की न्यूनतम सुरक्षित दूरी के भीतर नहीं किया जाना चाहिए। यह दूरी इसलिए निर्धारित की गई है क्योंकि हवा के दबाव से कंडक्टर (विद्युत तार) झूल सकता है, जिसे स्विंग कहा जाता है।

## निश्शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** प्रदेश में निश्शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के निश्शुल्क प्रवेश के संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने निर्देश जारी किये हैं। इस संबंध में 29 मई को केन्द्रीयकृत ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से छात्रों को अशासकीय विद्यालय आवंटित किये गये हैं। आवेदकों को आवंटन संबंधी सूचना केन्द्र ने एसएमएस के माध्यम से प्रेषित की है। आवेदक अशासकीय विद्यालयों के आवंटन की स्थिति, आरटीई पोर्टल पर उपलब्ध ऑप्शन से देख सकते हैं। पालकों से कहा गया है कि अशासकीय स्कूल का आवंटन होने की स्थिति में आवेदक आवेदन में दर्ज रजिस्टर्ड मोबाइल तथा बच्चे का फोटो आवश्यक दस्तावेज की एक प्रति छात्र को साथ लेकर अशासकीय स्कूल में जाये। निर्देश में कहा गया है कि पालक एडमिशन के पूर्व यह सुनिश्चित कर ले कि वह अपने बच्चे को आवंटित स्कूल में ही प्रवेश कराना चाहते हैं, तभी प्रवेश की प्रक्रिया के लिये संबंधित स्कूल को ओटीपी प्रदान करें। संबंधित स्कूल द्वारा ओटीपी दर्ज करने के बाद ही स्कूल में निश्शुल्क प्रवेश सुनिश्चित होगा। पालकों को सचेत किया गया है कि एक बार प्रवेश के बाद पालक को किसी अन्य अशासकीय शाला में शिक्षा का अधिनियम के तहत निश्शुल्क प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।अशासकीय स्कूल में प्रवेश 10 जून, 2025 तक ही हो सकेगा। नियत तिथि के बाद आवंटन-पत्र स्वतः निरस्त हो जायेगा। पालकों को यह जानकारी भी दी गयी है कि एक बार प्रवेश लेने के बाद भविष्य में स्कूल परिवर्तन नहीं हो सकेगा। इस संबंध में अशासकीय स्कूलों को भी निर्देश जारी किये गये हैं। विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक को आवंटन एवं प्रवेश की रिपोर्ट की समीक्षा प्रतिदिन करने के लिये कहा गया है। यदि किसी पालक द्वारा उनके बच्चे का स्कूल में सीट आवंटन के बाद संबंधित स्कूल द्वारा आवंटित विद्यार्थी को प्रवेश देने से मना करने की शिकायत मिलती है तो डीपीसी द्वारा तत्काल कलेक्टर के माध्यम से संबंधित स्कूल के विरुद्ध वैधानिक करवाई जायेगी।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बाढ़ से बचाव उच्च स्तरीय बैठक 6 को

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। वर्षा पूर्व बाढ़ से बचाव के संबंध में राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति की बैठक 6 जून 2025 को मुख्य सचिव प्रतिकक्ष में होगी। बैठक में आपदा प्रबंधन के लिए गृह विभाग नोडल विभाग है। बचाव व राहत कार्य की स्थिति में विभाग सेना से समन्वय स्थापित कर कार्य करता है। बैठक में अपर मुख्य सचिव, गृह, जल संसाधन एवं नर्मदा घाटी विकास, वन, कृषि उत्पादन, आयुक्त, सहकारिता, ऊर्जा, लोक निर्माण, नगरीय विकास एवं आवास, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण, महिला एवं बाल विकास, प्रमुख सचिव, वित्त, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, आयुष, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य, पुशपालन, खनिज साधन, राजस्व एवं पुर्नवास, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सचिव, किसान कल्याण एवं कृषि, जनसंपर्क, भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त,ग्वालियर, परिवहन, प्रबंध संचालक, डिविजनल, रेलवे मैनेजर, सेंट्रल रेलवे भोपाल, स्टेशन डायरेक्टर, दूरदर्शन भोपाल, केन्द्रीय भू-जल बोर्ड, राज्य सुदूर संवेदन केन्द्र विज्ञान भवन, जल विज्ञान डेटा सेंटर, के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## कलेक्टर ने किया अमृत सरोवर और गौषाला का निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने गुरूवार को सोहावल जनपद के रेवरा फॉर्म और उचेहरा जनपद के बांधी मौहर ग्राम के अमृत सरोवर और गौशाला का निरीक्षण किया। इसके बाद कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत बचवई में प्रगतिरत अमृत सरोवर और ब्लॉक प्लांटेशन के लिए उपयुक्त साईट का निरीक्षण किया गया। यहां एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यर् म में शामिल होकर कलेक्टर ने पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन और जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्लास्टिक प्रदूषण का अंत विषय पर एपीएसयू में हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के ऐतिहासिक शम्भूनाथ सभागार में पर्यावरण दिवस पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसका विषय प्लास्टिक प्रदूषण का अंत रहा।

इस संगोष्ठी की अध्यक्षता कुलगुरू प्रो. राजेंद्र कुडरिया किए तो मुख्य अतिथि श्री प्रदीप वासुदेव संचालक एवं पी.सी.सी.एफ राज्य वन अनुशंधान संस्थान जबलपुर रहे वहीं विशिष्ट अतिथि मुख्य वक्ता श्री राम कृष्ण ज़ी प्रान्त संयोजक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि रहे साथ ही श्री पीयूष त्रिपाठी केंद्रीय टोली सदस्य अतिथि वक्ता की भूमिका निभाई।संगोष्ठी की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं पूजा करके विधिवत की गई।छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं मध्य प्रदेश गान की प्रस्तुति दी गई।अगली कड़ी में संगोष्ठी के



आयोजक प्रो.अतुल तिवारी अध्यक्ष पर्यावरण जीवविज्ञान विभाग ने क्रमशः सभी मंचाशीन अतिथियों का शॉल श्री फ़ल एवं स्मृति चिन्ह से वकायदा स्वागत किया

इसी कड़ी में सचिव डॉ अपर्णा सिंह,डॉ शेर सिंह,डॉ अरविन्द त्रिपाठी,डॉ भरत वर्मा,डॉ शमा अंसारी,डॉ दीपाली शुक्ला,डॉ रूपम यादव ने विश्वविद्यालय परिवार की तरफ़ से मंच पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया।स्वागत के बाद प्रोफेसर अतुल तिवारी ने इस संगोष्ठी की पूरी रुपरेखा से सबको अवगत करवाया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलगुरू ने कहा की मेरी जो प्राथमिकता है उसमें प्लास्टिक मुक्त समाज प्रदेश को बनाने की है,आज पर्यावरण का जो प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है उसका बड़ा कारण प्लास्टिक ही है साथ ही इस सफल संगोष्ठी के लिए कुलगुरू ने विभाग को साधुवाद दिया।

**पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण को रोकना सबका नैतिक दाइत्व है-वासुदेवा**

मुख्य अतिथि की असंदी से बोलते हुए श्री प्रदीप वासुदेवाने कहा की आज़ हर नागरिक का नैतिक दाइत्व हैं की पर्यावरण का संरक्षण करें साथ ही ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाएं और उनके देखभाल की भी जिम्मेदारी उठाएं।श्री रामकृष्ण ज़ी मुख्य वक्ता ने बताया की आज़ देश लगातार विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है तथा उसी तेजी से युवाओं को भी आगे आना चाहिए।

रामकृष्ण ने कहा की जिस देश ने पर्यावरण को संरक्षण नहीं दिया लापरवाही बरती उनका हश्र होता सबने देखा है।वहीं श्री पीयूष त्रिपाठी अतिथि वक्ता ने भी पर्यावरण की उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डाला और कार्यक्रम को सफल बताया।मंच का सफल संचालन डॉ खुशबू त्रिवेदी एवं डॉ उदिता सिंह ने किया तो आभार प्रदर्शन डॉ शेर सिंह किए।सफल बनाने में संगोष्ठी को डॉ दीपाली शुक्ला,डॉ संगीता तिवारी,डॉ श्री कांत कोल,पियूष त्रिपाठी,शिखा तिवारी रहे।

**राज्य वन अनुशंधान संस्थान जबलपुर का विश्वविद्यालय से हुआ एमओयू**

इसी संगोष्ठी में मंच पर उपस्थित कुलगुरू, श्री प्रदीप वासुदेवा एवं प्रो. अतुल तिवारी ने विश्वविद्यालय का और राज्य वन अनुसन्धान संस्थान जबलपुर का एमओयू किया।इससे दोनों संस्थानों के विभिन्न गतिविधियों का आदान प्रदान किया जायेगा।

## रीवा एयरपोर्ट में शिष्ट व्यवहार करने प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय रीवा श्री अनिल कुमार दुबे के निर्देशन और एयरपोर्ट प्रबन्धक श्री शुभम शर्मा के सहयोग से एयरपोर्ट रीवा में दिव्यांग यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 5 जून 2025 को सामाजिक सुरक्षा अधिकारी श्री अरविंद तिवारी के द्वारा एयरपोर्ट स्टाफ़ को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में निहित प्रावधानों के अनुरूप दिव्यांगजनों की समस्याओं के बारे में अवगत कराते हुए दिव्यांग और कम गतिशीलता वाले यात्रियों के साथ शिष्ट व्यवहार करने और बाधारहित वातावरण तैयार करने के सम्बन्ध में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में दिव्यांगजन की समस्याओं, उनकी सुविधानुसार प्राथमिकता से सेवा प्रदाय करने, शिष्ट व्यवहार करने और सहायक उपकरणों के उचित उपयोग के सम्बंध में विस्तृत चर्चा की गयी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजन




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शासकीय कन्या स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय रीवा मे एप्को क्लब के आयोजन मे विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। महाविद्यालय में पौधा रोपकर छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए जागरूक किया गया।

इस जागरूकता कार्यक्रम मे प्राचार्य डॉ विभा श्रीवास्तव ने कहा की प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं, फिर भी हम जीवित रहने के लिए उन पर निर्भर हैं। उचित देखभाल के बिना, पानी और स्वच्छ हवा जैसे आवश्यक संसाधन दुर्लभ हो जाते हैं। पर्यावरण जागरूकता लोगों को इन आवश्यक तत्वों के संरक्षण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को समझने में मदद करती है। यह टिकाऊ कार्यों को बढ़ावा देता है जो यह सुनिश्चित करते हैं कि संसाधन आने वाली पीढ़ियों के लिए बने रहें।

इतिहास के विभागाध्यक्ष डॉ महेंद्र मणि द्विवेदी ने कहा की प्रदूषण पर्यावरण को प्रभावित करता है और इसका सीधा असर मानव स्वास्थ्य पर पड़ता है, खास तौर पर शहरी क्षेत्रों में। जागरूकता बढ़ाने से स्वच्छ आदतों को बढ़ावा मिलता है, जिससे अपशिष्ट और उत्सर्जन कम होता है। समुदाय पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को अपना सकते हैं, जैसे कि रीसाइक्लिंग और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना। एक स्वस्थ पर्यावरण सभी के लिए स्वस्थ, लंबे जीवन की ओर ले जाता है। इस अवसर डॉ इला तिवारी, डॉ शिल्पा शर्मा,डॉ करुणा शंकर मिश्र डॉ रोहित तिवारी, डॉ अजीत मिश्रा सिंह, डॉ अशोक मिश्र, डॉ राहुल रुपेश द्विवेदी, डॉ उमेश मिश्रा डॉ ज्योतिलता सिंह डॉ अनामिका सिंह सहित उपस्थिति रहे।

## जनपद सदस्य वेद प्रकाश तिवारी के प्रयासों के बाद लगाए गए शबमर्सिबल पंप

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मौजूदा समय में जल संकट की समस्या जोरों से चल रही है इन समस्याओं को देखते हुए जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 4 वेद प्रकाश तिवारी के अनुशंसा एवं आथक प्रयासों के बाद वार्ड क्रमांक 4 के गढ़ी , घुसरूम, बरौ , टांगहा मिलाकर पांच जगह पर PHE विभाग द्वारा शमर्सिबल पंप लगाए गए हैं इसके बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल बना हुआ है।



यह शमर्सिबलपंप जनपद वेद प्रकाश तिवारी की उपस्थिति में लगाए गए हैं। यह पहला मौका नहीं है जब वेद प्रकाश तिवारी द्वारा जल समस्या के निवारण का प्रयास किया गया है विगत दो महीने पहले भी 5 शामर्सिबल पंप लगवाए गए थे । वेद प्रकाश तिवारी जोकी मौजूदा समय में वार्ड क्रमांक 4 गढ़ी से जनपद सदस्य हैं एवं जनपद पंचायत त्योंथर में श्रमिक कल्याण समिति के जनपद अध्यक्ष की भूमिका निभा रहे हैं।

वार्ड क्रमांक 4 की जनता ने हमारे प्रतिनिधि से बात करते हुए बताया कि यह पहला मौका नहीं है जब जनपद सदस्य ने जनहित का कार्य किया है इससे पहले भी वह जनता के कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं । उनके ही प्रयासों के बाद ग्राम पंचायत गढ़ी और ग्राम पंचायत नौबस्ता में नवीन पंचायत भवन के निर्माण का कार्य चल रहा है। साथ ही घुसरुम में उप स्वास्थ्य केंद्र के लेआउट का कार्य पूरा हो चुका है और जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने वाला है।

## कमिश्नर ने किया महेश शुक्ला को सम्मानित



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को ककस द्वारा आयोजित एस0ए0एफ0 चैराहा स्थित महामृत्युंजय सभागार रीवा में आयोजित पर्यावरण बचाओ कार्यक्रम में महेश प्रसाद शुक्ल द्वारा रचित ‘‘रीवा-विकास-गीत‘‘ के नृत्य प्रस्तुति पर जिसे चिल्ड्रेन एकेडमी रीवा की छात्राओं ने प्रस्तुत किया, इस अवसर पर कमिश्नर रीवा नगर निगम रीवा ने रचनाकार शुक्ल को मोमेण्टो सहित साल और श्रीफल से सम्मानित किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति पर्यावरण विद् प्रो0 रहस्यमणि मिश्र थे, जिन्होने पर्यावरण पर जन जागरुक किया साथ ही विशिष्ट अतिथि रीवा कमिश्नर सौरव संजय सोनवणे (नगर निगम रीवा) रहे।

उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर ककस अध्यक्ष वी0पी0 सिंह के प्रयासों से प्लास्टिक की जगह बर्तन बैंक की दुकानों का कमिश्नर द्वारा उद्घाटन किया गया।

## प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर जागरूकता अभियान

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड, पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को लगातार मजबूत करते हुये समाज में जागरूकता और भागीदारी, सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है, इस वर्ष भी विश्व पर्यावरण दिवस 2025 को अत्यंत उत्साह और संकल्प के साथ मनाया। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित थीम "प्लास्टिक प्रदूषण का समाधान" के अंतर्गत कंपनी परिसर में 31 मई से 5 जून तक पर्यावरण सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, प्रतियोगिताएँ और वृक्षारोपण गतिविधियाँ आयोजित की गईं।



प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि पर्यावरण सप्ताह की शुरुआत 31 मई को फ्लैग मार्च और प्लास्टिक जागरूकता रैली से हुई, जिसमें कर्मचारियों, कॉलोनीवासियों और बच्चों ने हिस्सा लिया। प्लास्टिक फ्री जोन के लिए जागरूकता फैलाने हेतु नुक्कड़ नाटक, स्लोगन लेखन और हस्ताक्षर अभियान जैसे प्रयास किए गए। द्वितीय दिवस 1 जून को स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें महिला कर्मचारियों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पर्यावरण विभाग द्वारा प्लास्टिक हटाने और हरे क्षेत्र के विकास के लिए जूट बैग वितरित किए गए।

2 जून को जल संरक्षण दिवस मनाया गया, जिसमें जल बचाने के सरल उपायों और जल संकट की गंभीरता को रेखांकित किया गया। कॉलोनी और प्लांट में वर्षा जल संचयन के लिए विभिन्न सुझाव दिए गए। सप्ताह के चैथे दिन 3 जून को "नो व्हीकल डे" का आयोजन हुआ, जहां अधिकारियों और कर्मचारियों ने वाहनों का प्रयोग न कर पर्यावरण अनुकूल व्यवहार को अपनाया। 4 जून को जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें पर्यावरणीय प्रयासों और व्यक्तिगत जीवनशैली में बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया गया। कार्यशाला में सभी विभागों से प्रतिनिधियों ने अपने विचार साझा किए। सप्ताह के अंतिम दिन 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर प्लांट एवं माइंस एरिया में वृक्षारोपण और "ग्रीन कमिटमेंट" शपथ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। बच्चों एवं महिलाओं के लिए पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन कंपटीशन और क्विज का आयोजन किया गया।

पर्यावरण सप्ताह समापन के अवसर पर प्रेसीडेंट एंड प्लांट हेड मनीष सिंह ने अपने विचर व्यक्त करते हुये कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हम सभी को यह याद दिलाता है कि प्रकृति के बिना हमारा अस्तित्व अधूरा है। आइए हम सब मिलकर जल, वायु और हरियाली की रक्षा का संकल्प लें, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ एक स्वच्छ और सुंदर पृथ्वी का अनुभव कर सकें।

इसी कार्यकक्रम में मनीष कुमार सिन्हा सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी सतत प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह हमें याद दिलाता है कि पृथ्वी हमारी एकमात्र आश्रयस्थली है और इसे बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर दिनेश अग्रवाल, प्रवीण श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, मनोज कश्यप, ओमप्रकाश वर्मा, मनीष प्रसाद, सुमिताभ द्विवेदी, बिहारी सिंह शेखावत, अंकिता परिहार, रीमा तिवारी, रुद्रप्रताप सिंह एवं विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी भी शामिल हुए।

## आरसीसी सड़क निर्माण कार्य का किया गया भूमिपूजन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** आज वार्ड क्र 9 सुंदर नगर मे शिवेंद्र त्रिपाठी के घर से पुष्पेंद्र मिश्रा के घर होते विभिन्न स्थानों पर आरसीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन वार्ड के वरिष्ठ नागरिक श्री सरयूशरण पटेल के कर कमलों से किया गया।

अनुमानित लागत 95.86 लाख भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित वार्ड 09 की पार्षद श्री मती विमला सिंह जी उपमुख्यमंत्री निज सचिव श्री राजीव तिवारी जी नेता प्रतिपक्ष दीनानाथ वर्मा जी संविदाकार मेसर्स सूर्या एंड संस कंस्ट्रक्शन प्रोपराइटर अमन त्रिपाठी नगर निगम सहायक यंत्री सुधीर गर्ग जी उपयंत्री रमेश सिंह जी मंडल अध्यक्ष शिवम द्विवेदी जी पूर्व पार्षद सतीश सिंह जी पार्षद संजय खान जी सावित्री कुशवाहा समयराज सिंह बृजभान सेन सुशील सेन राजकली पटेल ललिता सोनी महिमा सिंह सुमन मिश्रा, किरण शर्मा सपना सिंह वार्ड के कई सम्मानित जन एवं माताएं बहने उपस्थिति रही।

यह सड़क पिछले 20 वर्षों से अपेक्षित थी। लगभग 1 किलोमीटर की सड़क अंदर की सभी सड़क बन जाएगी सभी ने माननीय उपमुख्यमंत्री जी एवं नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पाण्डेय जी पार्षद श्रीमती विमला सिंह जी का धन्यवाद ज्ञापित किया, एवं वार्ड के विभिन्न जनमानस की उपस्थिति में भूमि पूजन संपन्न हुआ।

## भारत विकास परिषद ने मनाया पर्यावरण दिवस



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**5 जून 2025 पर अंतराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद की मातृशक्तियों ने हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण बचाने के उद्देश्य से उपाध्यक्ष आभा अग्रवाल के नेतृत्व में एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम और कपड़े का बैग का उपयोग बढ़ाने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन स्थानीय शासकीय आई टी आई कॉलेज में किया। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती मीरा अग्रवाल एवं श्रीमती मानसी तेजवानी रही। कोषाध्यक्ष श्रीमती सोनिया खंडेलवाल सहसचिव अनमोल , श्रीमती क्रांति जैन, श्रीमती रेनू तिवारी, एन सी सी कैडेट, प्राचार्य बी डी तिवारी, शुभांजलि मैडम, लेफ्टिनेंट रवि शंकर पाण्डे एवं सभी विद्यार्थियों के सहयोग से नीम, पीपल, कदंब, आशिक, जामुन, मधुमालती, आंवला, इत्यादि फलदार एवं छायादार वृक्षों को लगाया गया।

मातृशक्तियों द्वारा कपड़े के थैले तैयार कर पॉलीथिन हटाओ, पर्यावरण बचाओ का संदेश देकर सबको पर्यावरण के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ एवं भारत विकास की समस्त मातृशक्तियों को धन्यवाद एवं आभार सहसचिव अनमोल केशवानी द्वारा किया गया।

## विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रधान जिला न्यायाधीश के अध्यक्ष र%श चन्द्र सिंह बिसेन तथा जिला एवं सत्र न्यायालय सतना के सचिव पार्थ शंकर मिश्र के निर्देशन में बुधवार को सुनीता वेलफेयर सोसाइटी में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी मुहम्मद जीलानी द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की समस्त योजनाओं के विषय पर प्रकाश डाला गया साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर योजना, लोक अदालत व नालसा-सालसा द्वारा संचालित योजनाओं पर जानकारी दी। साथ ही पैरालीगल वालेंटियर आर.एन. त्रिपाठी द्वारा महिला हिंसा पर जानकारी दी गई। जिसमें सामान्य जनमानस की ओर से कुछ प्रश्न पूछे गए जिनका सहजता पूर्वक उत्तर दिया गया। साथ ही शिवकांत पांडेय पैरालीगल वालेंटियर ने कहा कि ऐसे गरीब वंचित लोग जो किसी कारण बस अपने बच्चों का आधार कार्ड नहीं बनवा पा रहे या जिन बच्चों के माता-पिता नहीं हैं। साथ ही वे बच्चे अपनी शिक्षा विद्यालय में जाकर अर्जित नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे बच्चों के आधार कार्ड नहीं है जिस हेतु आग्रह किया गया कि इन सभी का हमारी टीम के द्वारा सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप लोग भी सहयोग करें, अगर आपके समुदाय में या आसपास ऐसे बच्चे हैं तो उनसे मिल करके उनकी जानकारी एकत्रित करें।

## राज्यमंत्री ने पौधरोपण कर किया एक पेड मां के नाम अभियान का शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने गुरूवार 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट ₹ मांक-1 के परिसर में पौधरोपण कर एक पेड मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुस्मिता सिंह



परिहार, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन तथा जिला शिक्षा अधिकारी टीपी सिंह सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा शैक्षणिक स्टाफ द्वारा विद्यालय परिसर में 50 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। राज्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति जीवन का सबसे बड़ा आधार है। इसके संरक्षण के लिए हर किसी को आगे आकर इसके लिए काम करना होगा। क्योंकि हरा-भरा पर्यावरण ही हमारे जीवन और स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालता है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड मां के नाम अभियान के तहत गुरूवार को जिले में कई स्थानों पर पौध रोपण किया गया। रामपुर बाघेलान के विधायक विर् म सिंह ने अपने निवास पर प%ी के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक नागरिक को अपने घर के आस-पास या खाली पडे स्थानों पर पौधरोपण अवश्य करना चाहिए ताकि आने



वाली पीढ़ियों को शुद्ध वायु व हरा-भरा वातावरण मिल सके।

इसी प्रकार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मुख्यालय सतना के परिसर में डीआरसीएस, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला बैंक सतना बैंक एवं विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा पौधरोपण किया गया। इसके अलावा आंगनबाड़ी केन्द्रों में तथा सशक्त वाहिनी अभियान की बेटियों द्वारा पौधरोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कार्यालय में कार्यपालन यंत्री श्वेतांक चौरसिया और उनके स्टाफने भी एक-एक पेड मां के नाम पर लगाये। आईटीआई परिसर में एनसीसी कैडेटस और भारत विकास परिषद के सहयोग से पौधारोपण किया गया।

# विचार

## आईपीएल को मिला नया चैम्पियन, कोहली के नाम रही विराट विजय

आखिरकार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की टीम ने आईपीएल-2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। आईपीएल के 18वें सीजन में उसे एक नया चैम्पियन मिल गया है। 17 साल से यह टीम इस खिताब के लिए तरस रही थी। इस टीम के पास विराट कोहली जैसा खिलाड़ी होने के बावजूद आईपीएल का चैम्पियन बनना नसीब नहीं हुआ। एक से एक धाकड़ खिलाड़ी बेंगलुरू की टीम में रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के एबी डीविलियर्स का नाम इसमें लिया जा सकता है। पर, मंगलवार 3 जून को किस्मत चमक गई। सभी ने विराट कोहली को मैदान पर रोते देखा। उनका भावनओं में बहना स्वाभाविक था। एक बड़े खिलाड़ी का सपना होता है कि वह अपने करियर में सभी प्रमुख टूर्नामेंट में विजय हासिल करे। विराट की टीम आईपीएल के खिताब से अभी तक वंचित थी। आपको बता दें विराट ने टी-20 और टेस्ट मैचों से संन्यास ले लिया है। उनका करियर ढलान पर है, ऐसे में यह खिताबी जीत उन्हें कितना सुकून देगी, इसका अनुमान लगाना कठिन नहीं है।

यही वजह है कि मैच के बाद सारे खिलाड़ी विराट कोहली को बधाई देने के लिए दौड़ पड़े। डीविलियर्स और कभी बेंगलुरू टीम का हिस्सा रहे क्रिस गेल ने मौजूद रहकर इस पल को और खास बना दिया। हांलाकि, यह जीत केवल 6 रनों से हुई। इसके बावजूद रिकॉर्ड बुक में बेंगलुरू के नाम पहली जीत दर्ज हो गई। पंजाब किंग्स की टीम ने फाइनल तक का सफर तय किया तो इसमें कप्तान श्रेयस अय्यर का बड़ा योगदान रहा। एलीमिनेटर-2 में उन्होंने मुंबई इंडियंस को हरा कर पंजाब को फाइनल में पहुंचा दिया। श्रेयस की 87 रनों की नाबाद पारी ने 5 बार की चैम्पियन मुंबई की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद श्रेयस अय्यर को इंग्लैंड जाने वाली भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। इसे लेकर सोशल मीडिया पर चयनकर्ताओं की आलोचना भी हो रही है।

इस बार का आईपीएल कुछ युवाओं को सामने लाया है। ये भारत का भविष्य हैं। इसमें सबसे पहला नाम बिहार के वैभव सूर्यवंशी का है जिसने 14 साल की उम्र में झंडा गाड़ दिया है। राजस्थान रायल्स की टीम की ओर से उसने पारी की शुरुआत की। एक शतक और एक अर्ध शतक के साथ उसका प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा। वैभव ने अपनी साहसिक बल्लेबाजी से बहुत प्रभावित किया है। गुजरात टीम के साई सुदर्शन ने कुल 759 रन बनाकर ऑरेंज कैप जीता है। आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर उसका चयन इंग्लैंड जाने वाली टीम में भी हो गया है। पारी का आगाज करते हुए सुदर्शन ने कई अच्छी पारियां खेलीं। पंजाब किंग्स टीम के प्रियांश आर्य ने भी सबका ध्यान खींचा है। उसने भी अपनी टीम के लिए पारी की शुरुआत की।

# पहले नींबू मिर्च बांध कर राफेल का मजाक उड़ाया, अब आत्मसमर्पण की बात कह सेना पर सवाल उठाया

**नीरज कुमार दुबे**

**लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी दावा कर रहे हैं कि भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फोन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तुरंत 'आत्मसमर्पण' कर दिया। आश्चर्य की बात यह है कि एक ओर कांग्रेस %ऑपरेशन सिंदूर% की सफलता का जश्न मनाने और भारतीय सैन्य बलों के पराक्रम को सलाम करने के लिए देशभर में जय हिंद सभाएं कर रही है तो दूसरी ओर उसके शीर्ष नेता कह रहे हैं कि भारत ने आत्मसमर्पण कर दिया। देखा जाये तो राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जो सीधा हमला किया है वह अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय सैन्य बलों पर भी हमला है योंकि युद्ध के मैदान में वही डटे हुए थे। आश्चर्य की बात यह है कि एक ओर पाकिस्तान रोज नये नये खुलासे करते हुए बता रहा है कि भारत ने हमारा ये भी नुकसान कर दिया, भारत ने हमारा वो भी नुकसान कर दिया...मगर राहुल गांधी कह रहे हैं कि भारत ने आत्मसमर्पण कर दिया।**






लोकतंत्र में एक दूसरे पर राजनीतिक हमले करना स्वाभाविक है लेकिन हर बार सेना के शौर्य पर सवाल उठा देना गलत है।

सर्जिकल स्ट्राइक और एअर स्ट्राइक के सबूत मांगने वालों के लिए चूंकि %ऑपरेशन सिंदूर% के वीडियो पहले दिन से ही सार्वजनिक रूप से मौजूद थे, इसलिए राहुल गांधी ने पूरे ऑपरेशन की सफलता पर ही सवाल उठा दिये हैं। राहुल गांधी का आत्मसमर्पण वाला बयान उस दौरान आया जब भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया के 33 देशों की यात्रा के दौरान वहां की सरकारों को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति से अवगत कराते हुए स्पष्ट कर रहे थे कि अगर हमारी धरती पर आतंकवादी हमले होते हैं तो हम आतंकवादियों और उन्हें प्रायोजित करने वालों को दंडित करना जारी रखेंगे। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि कहीं राहुल गांधी ने भारत के इस कूटनीतिक अभियान को क्षति पहुँचाने के मकसद से तो यह बयान नहीं दिया? सवाल यह भी उठता है कि प्रतिनिधिमंडलों में शामिल विपक्षी नेता जिस तरह भारत का पक्ष दृढ़ता से रख रहे थे कहीं उसको देख कर तो राहुल का गुस्सा नहीं भड़क गया है? सवाल यह भी उठता है कि विदेश दौरों पर भारत की सरकार और संवैधानिक संस्थानों पर सवाल उठाने वाले राहुल गांधी को कहीं विदेशों में भारत की सरकार की बढ़ती स्वीकार्यता तो नहीं चुभ रही थी? ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सवाल उठाने वाले राहुल गांधी समेत तमाम नेताओं को यह समझना होगा कि किसी भी सूरत में सेना के मनोबल को गिराने का काम कतई नहीं करना चाहिए। ऐसे नेताओं को सरकार की बात पर यकीन नहीं है तो उन्हें सेना की बात सुननी चाहिए जोकि ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत से ही सारी बातें देश को बता रही है। स्वयं सीडीएस भी इस बारे में विस्तार से जानकारी दे चुके हैं। एक दिन पहले पुणे में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने और जानकारी देते हुए बताया है कि पाकिस्तान ने 10 मई की सुबह कई हमले किए, जिनका उद्देश्य भारत को 48 घंटे में शिकस्त देने का था, लेकिन खुद उसने आठ घंटे में ही घुटने टेक दिए थे और शत्रुता समाप्त करने के लिए उसे नयी दिल्ली से संपर्क करना पड़ा था। जनरल चौहान ने कहा था कि पहलगाम आतंकवादी हमले पर भारत की कार्रवाई सीमा पार आतंकवाद के प्रति "सहनशक्ति की हद" निर्धारित करने के साथ ही इस्लामाबाद के परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करने की थी।

सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में अपने संबोधन में जनरल चौहान ने यह बात स्वीकार करने के लिए हो रही अपनी आलोचना को खारिज किया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के प्रारंभिक चरण में भारत ने अनिर्दिष्ट संख्या में लड़ाकू जेट विमान खो दिए। जनरल चौहान ने कहा कि पेशेवर सेनाएं अस्थायी नुकसान से प्रभावित नहीं होतीं, क्योंकि समग्र परिणाम ऐसे नुकसान से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने कहा, "मान लीजिए कि आप क्रिकेट टेस्ट मैच खेलने उतरते हैं और पारी से जीत जाते हैं, तो विकेट और गेंद आदि का सवाल ही नहीं उठता।" सीडीएस ने कहा, "जब मुझसे हमारी ओर से हुई क्षति के बारे में पूछा गया तो मैंने कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं, यह महत्वपूर्ण है।" उन्होंने कहा, "दस मई को रात लगभग एक बजे, उनका (पाकिस्तान का) लक्ष्य 48 घंटों में भारत को शिकस्त देने का था। कई हमले किए गए और किसी न किसी तरीके से उन्होंने इस संघर्ष को बढ़ा दिया। जबकि हमने वास्तव में केवल आतंकवादी ठिकानों को ही निशाना बनाया था।" जनरल चौहान ने कहा कि पाकिस्तान ने सोचा था कि भारत के खिलाफ उसका 'ऑपरेशन' 48 घंटे तक चलेगा, लेकिन वह खुद आठ घंटे में ही अपनी हार मान बैठा। सीडीएस ने कहा, "फिर उन्होंने (पाकिस्तान) फोन उठाया और कहा कि वे हमसे बात करना चाहते हैं।" उन्होंने कहा, "जब पाकिस्तान की ओर से बातचीत करने और तनाव कम किए जाने का अनुरोध आया तो हमने उसे स्वीकार कर लिया।"

सीडीएस ने कहा कि युद्ध में यदि नुकसान भी होता है, तो आपको अपना मनोबल बनाए रखना होता है। उन्होंने कहा कि नुकसान महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण हैं। जनरल चौहान ने अभियान में जुड़े जोखिमों के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, "आप हर तरह की आकस्मिकता के लिए 100 प्रतिशत तैयार नहीं हो सकते और आपके पास उसके बारे में 100 प्रतिशत जानकारी नहीं हो सकती। हर सैन्य अभियान में जोखिम का तत्व शामिल होता है। बस एक बात यह है कि इसके बारे में एक अनुमान होना चाहिए।" भारत के सैन्य हमलों के बारे में उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तानी ठिकानों पर बहुत सोच-समझकर सटीक हमले किए। नयी दिल्ली के समग्र दृष्टिकोण के बारे में उन्होंने कहा, "हमने मानदंड बढ़ा दिए हैं; हमने आतंकवाद को पानी से जोड़ा है, हमने आतंकवाद के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की नयी रेखा खींच दी है।" उन्होंने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। यह जारी है। यह शत्रुता में एक अस्थायी विराम है। हमें सतर्क रहने की आवश्यकता है।" जनरल चौहान ने यह भी याद दिलाया कि किस प्रकार पाकिस्तानी नेता भारत के खिलाफ नफरत फैलाते रहे हैं। उन्होंने कहा, "वर्ष 1965 में जुल्फिकार अली भुट्टो ने भारत के खिलाफ एक हजार साल के युद्ध की बात कही थी। पहलगाम हमले से ठीक दो दिन पहले पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने हिंदुओं के खिलाफ भड़काऊ टिप्पणी की थी।" हम आपको यह भी बता दें कि पाकिस्तान के एक नये दस्तावेज ने पिछले महीने चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के दौरान पाकिस्तानी ठिकानों पर भारत के सटीक हमलों पर नये सिरे से रोशनी डाली है, क्योंकि इसमें कम से कम सात ऐसे ठिकानों का जिक्र किया गया है, जिनके बारे में पहले पता नहीं था। दस्तावेज में कहा गया है कि भारत ने खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर, सिंध प्रांत के अटक, बहावलनगर, छोर और हैदराबाद तथा पंजाब प्रांत के गुजरात और झंग में विभिन्न ठिकानों को निशाना बनाया। यह विवरण पाकिस्तान की ओर से 'ऑपरेशन बनयान-उम-मर्सूस' पर जारी किए गए दस्तावेज में शामिल है, जिसे भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में शुरू किया गया था। पाकिस्तानी मीडिया के साथ साझा किए गए दस्तावेज में आठ, नौ और 10 मई को भारत की ओर से पाकिस्तान में किए गए ड्रोन हमलों का विस्तृत ब्योरा दिया गया है।

बहरहाल, हम आपको याद दिला दें कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने राफेल विमान के मॉडल में नींबू मिर्च टांग कर भारतीय वायुसेना की खिल्ली उड़ाई थी। उनका वह वीडियो पाकिस्तान में काफी वायरल हो गया था। इसी तरह भारत के आत्मसमर्पण का दावा करके राहुल गांधी पाकिस्तानी मीडिया में छा गये हैं। वहां के समाचार-पत्रों में तो उनके बयान को अच्छी खासी कवरेज मिली ही है। पाकिस्तानी टीवी समाचार चैनल भी इसी बात को लेकर चर्चा कर रहे हैं और संघर्ष में पाकिस्तान की जीत के दावे कर रहे हैं।

# प्लास्टिक प्रदूषण दुनिया की जटिल समस्या

**ललित गर्ग**

बढ़ते तापमान, बदलते जलवायु एवं ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल कर समुद्र का जलस्तर तीव्रगति से बढ़ा रहे हैं। जिससे समुद्र किनारे बसे अनेक नगरों एवं महानगरों के डूबने का खतरा मंडराने लगा है। इंसानों को प्रकृति, पृथ्वी एवं पर्यावरण के प्रति सचेत करने के लिये विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है, जो पर्यावरण, प्रकृति एवं पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय दिवस है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोज्य यह दिवस दुनिया भर के लाखों लोगों को हमारे ग्रह की सुरक्षा और पुनर्स्थापना के साझा मिशन के साथ एकजुट करता है। बढ़ता प्लास्टिक प्रदूषण दुनिया की एक गंभीर एवं जटिल समस्या है, इसीलिये 2025 में इस दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने पर केंद्रित है। कोरिया गणराज्य वैश्विक समारोह की मेज़बानी करेगा। दशकों से प्लास्टिक प्रदूषण दुनिया के हर कोने में फैल चुका है, यह हमारे पीने के पानी, हमारे खाने, हमारे शरीर, हमारे पर्यावरण में समा रहा है। इस प्लास्टिक कचरे की गंभीर समस्या से निपटने का एक वैश्विक संकल्प निश्चित ही एक समाधान की दिशा बनेगा। हर साल 430 मिलियन टन से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन होता है, जिसमें से लगभग दो-तिहाई केवल एक बार उपयोग के लिए होता है और जल्दी ही फेंक दिया जाता है।

1973 से संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के नेतृत्व में पर्यावरण जागरूकता के लिए यह दिवस सबसे बड़ा वैश्विक अभियान बन गया है, जो आज की सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए 150 से अधिक देशों के विशाल वैश्विक दर्शकों को शामिल करता है। गत वर्ष इस दिवस की मेजबानी करते हुए सऊदी अरब ने भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए सकारात्मक प्रयासों का जश्न मनाया और पर्यावरण के मुद्दों पर काम करने वाले निजी और परोपकारी संगठनों के लिए अधिक समर्थन और वित्त पोषण की घोषणा की। यह सर्वविदित है कि इंसान व प्रकृति के बीच गहरा संबंध है। इंसान के लोभ, सुविधावाद एवं तथाकथित विकास की अवधारणा ने पर्यावरण का भारी नुकसान पहुंचाया है, जिसके कारण न केवल नदियां, वन, रेगिस्तान, जलस्त्रोत सिकुड़ रहे हैं बल्कि ग्लेशियर भी पिघल रहे हैं, तापमान का 50 डिग्री पार करना जो



विनाश का संकेत तो है ही, जिनसे मानव जीवन भी असुरक्षित होता जा रहा है। इन वर्षों में बढ़ी हुई गर्मी एवं तापमान ने न केवल जीवन को जटिल बनाया बल्कि अनेक लोगों की जान भी गयी। पूरी दुनिया में बढ़ता प्लास्टिक प्रदूषण, जलवायु अराजकता और जैव विविधता विनाश का एक जहरीला मिश्रण स्वस्थ भूमि को रेगिस्तान में बदल रहा है, संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र को मृत क्षेत्रों में बदल रहा है और मानव जीवन पर तरह-तरह के खतरे पैदा कर रहा है।

प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण-अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, प्रकृति, पर्यावरण, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी एक गंभीर संकट है। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना न केवल प्रकृति, कृषि, पर्यावरण वरन मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए और सरकारों को इस संकट से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित करने के लिये योजनाएं बनानी चाहिए, इसके लिये इस वर्ष की थीम से व्यापक बदलाव की संभावनाएं हैं।

माइक्रोप्लास्टिक हमारे वातावरण का एक हिस्सा बन चुके हैं। प्लास्टिक की बहुलता एवं निर्भरता के कारण मौत हमारे सामने मंडरा रही है। हम चाहकर भी प्लास्टिकमुक्त जीवन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं, प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को देखते हुए विभिन्न देशों की सरकारों ने ठान लिया है कि सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए कोई जगह नहीं होगी। भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व में ही देश को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने की अपील करते हुए एक महाभियान का शुभारंभ कर चुके हैं। प्लास्टिक के कारण देश ही नहीं, दुनिया में विभिन्न तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं।

इसके सीधे खतरे दो तरह के हैं। एक तो प्लास्टिक में ऐसे बहुत से रसायन होते हैं, जो कैंसर का कारण माने जाते हैं। इसके अलावा शरीर में ऐसी चीज जा रही है, जिसे हजम करने के लिए हमारा शरीर बना ही नहीं है, यह भी कई तरह से सेहत की जटिलताएं पैदा कर रहा है। इसलिए आम लोगों को ही इससे मुक्ति का अभियान छेड़ना होगा, जागृति लानी होगी। शोधकर्ताओं ने केरल में दस प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी को अध्ययन का विषय बनाया है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि प्लास्टिक की बोतल के पानी का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के शरीर में प्रतिवर्ष 153 हजार प्लास्टिक कण प्रवेश कर जाते हैं। पिछली सदी में जब प्लास्टिक के विभिन्न रूपों का अविष्कार हुआ, तो उसे विज्ञान और मानव सभ्यता की बहुत बड़ी उपलब्धि माना गया था, अब जब हम न तो इसका विकल्प तलाश पा रहे हैं और न इसका उपयोग ही रोक पा रहे हैं, तो क्यों न इसे विज्ञान और मानव सभ्यता की सबसे बड़ी असफलता एवं त्रासदी मान लिया जाए? अमेरिका के जियोलॉजिकल सर्वे ने यहां बारिश के पानी के नमूने जमा किए। ये नमूने सीधे आसमान से गिरे पानी के थे, बारिश की वजह से सड़कों या खेतों में बह रहे पानी के नहीं।

# भीड़ का हिस्सा नहीं, संवेदनशील, दायित्ववान एवं अनुशासित सहभागी बनें

**प्रो. मनमोहन प्रकाश, शिक्षाविद**

भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और खेल आयोजन हमारी सांस्कृतिक विविधता और सामूहिक उत्साह के प्रतीक हैं। ये आयोजन निरंतर होते रहते हैं, किंतु जब यही उत्सव असंवेदनशीलता, अव्यवस्था और अनुशासनहीनता के कारण त्रासदी का रूप ले लेते हैं, तो एक गंभीर प्रश्न उठता है— क्या हम केवल एक भीड़ हैं या एक जिम्मेदार समाज? क्या भीड़ प्रबंधन केवल शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है? क्या सहभागियों का कोई दायित्व नहीं बनता? हमारे देश में भीड़ के अनियंत्रित होने के कारण अनेक त्रासद घटनाएं घट चुकी हैं।



1954 के प्रयागराज कुंभ में हुई भगदड़ स्वतंत्र भारत की पहली बड़ी चेतावनी थी, जिसने प्रशासनिक सीमाओं को उजागर किया। इसके बाद 2003 में नासिक कुंभ; 2008 में नांदेड़ (हुजूर साहिब गुरुद्वारा), नैना देवी मंदिर (हिमाचल प्रदेश);2011में पुलुमेदु मकर संक्रांति मेला, केरल; 2013 में रतनगढ़ मंदिर, दतिया (मध्य प्रदेश);2014 में पटना देवी मंदिर (बिहार), डोमरी गांव (वाराणसी),2014 में दशहरा समारोह, पटना;2015 में पुष्करम उत्सव, राजमुंदरी (आंध्र प्रदेश);2022 में वैष्णो देवी मंदिर;2023 में कुबेरेश्वर धाम, रुद्राक्ष महोत्सव;2024 में हैदराबाद थिएटर हादसा;2024 में हाथरस, सत्संग के बाद भगदड़;2025 में महाकुंभ हादसा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसा, चिन्नास्वामी स्टेडियम (बेंगलुरु) के बाहर आईपीएल विजय का जश्न जैसे आयोजनों में विभिन्न कारणों से भीड़ अनियंत्रित हुई, भगदड़ मची और कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। इन हादसों की जिम्मेदारी किस पर डाली जाए क्या आयोजनकर्ता पूर्णत: दोषी हैं क्या प्रशासनिक व्यवस्था ही विफल रही या फिर क्या भीड़ में शामिल हर व्यक्ति को भी आत्ममंथन नहीं करना चाहिए

भीड़भाड़ वाले आयोजनों में भाग लेना अनुचित नहीं है, किंतु सहभागी बनने से पहले कुछ मूलभूत प्रश्नों पर विचार करना आवश्यक हैक्या आयोजन को प्रशासन से अनुमति प्राप्त है;

आयोजन स्थल की क्षमता और व्यवस्था कैसी है;क्या यह आयोजन केवल आमंत्रित या पासधारकों के लिए है या सभी के लिए खुला है;निजी वाहन लेकर वहां जाना कितना उचित है;

क्या भीड़ में मेरी उपस्थिति आवश्यक है या घर से भी इसे देखा जा सकता हैआज के तकनीकी युग में बहुत से आयोजन घर बैठे टीवी या डिजिटल माध्यमों से देखे जा सकते हैं। यदि हर व्यक्ति यह मान ले कि वह केवल दर्शक नहीं, बल्कि आयोजन का सह-व्यवस्थापक है, तो कई समस्याएं स्वत: समाप्त हो सकती हैं।

हम यह भूल जाते हैं कि लाइन तोड़ने वाला, धक्का देने वाला, गेट पर चिल्लाने वाला,शोर मचाते हुए, झंडा लहराते हुए तेज रफ्तार में दो पहिए वाहन चलाने वाला,अफवाह फैलाने वाला, नियमों की अनदेखी करने वाला व्यक्ति स्वयं अव्यवस्था का हिस्सा बन जाता है।

भीड़ प्रबंधन केवल पुलिस बल, बैरिकेडिंग, स्मार्ट निगरानी प्रणाली, सीसीटीवी, ड्रोन, ऋन्नह्ष्ठ टैगिंग, इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम, मोबाइल ऐप्स, हाईटेक लाउडस्पीकर या वर्चुअल रूट मैपिंग से संभव नहीं। इसका मूल आधार है अनुशासन, संवाद और नागरिक सहयोग।

एक जिम्मेदार सहभागी वही होता है जो समय का पालन करे, अनुशासन में रहे,अफवाहों से बचे,दूसरों की सुविधा का उतना ही ध्यान रखे जितना अपनी, असहज, असहाय लोगों की मदद करे,प्रशासन का सहयोग करे।यह आचरण किसी कानून या प्रशिक्षण से नहीं आता, बल्कि सामाजिक चेतना और नैतिक अनुशासन से उत्पन्न होता है।हमें यह स्वीकार करना होगा कि हादसे केवल व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि हमारे सामूहिक असंवेदनशील और गैर-जिम्मेदार व्यवहार का भी परिणाम होते हैं। जांच रिपोर्ट, मुआवजा और खेद-प्रकट करना पर्याप्त नहीं। जरूरत है आत्मचिंतन और सक्रिय नागरिक सहभागिता की। अब समय आ गया है कि हम आयोजनों को केवल %उपस्थित रहने% की प्रक्रिया न मानें, बल्कि अपनी भूमिका को रचनात्मक रूप से परिभाषित करें। जब हर नागरिक स्वयं को उत्तरदायी मानेगा, तभी भारत की आयोजन-संस्कृति सुरक्षित, गरिमामय और प्रभावशाली बन सकेगी। अत: भीड़ नहीं— संवेदनशील, दायित्ववान और अनुशासित सहभागी बनना ही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सुक्ष्म-खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की प्रथम बैठक सम्पन्न






**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिला निर्यात संवर्धन समिति तथा प्रधानमंत्री सक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की जिला स्तरीय समिति की प्रथम बैठक का आयोजन कलेक्टर की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय मनेन्द्रगढ़ के एन.आई.सी. कक्ष में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के द्वारा किया गया।

बैठक में महाप्रबंधक श्रीमती अंजू नायक, छ.ग. चैम्बर ऑफ कॉमर्स प्रदेश महामंत्री श्री संजीव ताम्रकार एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्री पंकज जैन, सहायक संचालक कृषि विभाग जयंत पैकरा, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी ऋषभ साहू, नाबार्ड जिला प्रबंधक हर्व गौरव, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक संजीव पाटिल, जनपद पंचायत सीईओ सुश्री वैशाली सिंह, अध्यक्ष महिला बचत स्वयं सहायता समूह ग्राम चनवारीडांड, श्रीमती ममता कवेट, अध्यक्ष सिद्ध बाबा फार्मा ग्राम सेमरा नागपुर इंजोरिया सिंह, सरपंच ग्राम पंचायत चैनपुर श्रीमती मीना सिंह सम्मिलित हुए।

VC के माध्यम से सहायक DGFT नागपुर सेहल टोके, सहायक संचालक उद्योग संचालनालय रायपुर वैशाली जनार्दन, सहायक संचालक MSME रायपुर के.बी. इरपाते, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम, डीन शासकीय कृषि विज्ञान केन्द्र कोरिया दिनेश कुमार गुप्ता, छ.ग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड अम्बिकापुर राजेन्द्र राजवाडे सम्मिलित हुए। सहायक DGFT नागपुर स्नेहल टोके वीसी के द्वारा जानकारी दी गई कि "District as Export Hub के तहत जिले से 1 से अधिक उत्पादों का चयन किया जा सकता है।

बैठक में जीराफूल चावल, उड़द, अरहर, और कोदो के निर्यात हेतु संभावनाओं पर चर्चा की गई। DGFT नागपुर की अधिकारी द्वारा उक्त उत्पादों के विषय में निर्यात की संभावना और भारत शासन की निर्यात संवर्धन योजनाओं की जानकारी दी गई। कलेक्टर के द्वारा उपस्थित अधिकारियों को इन विषय पर समन्वय कर उत्पादों का निर्धारण करने व आगामी बैठक में इस पर चर्चा करने का निर्देश दिया गया।

महाप्रबंधक श्रीमती अंजू नायक द्वारा PMFME योजना हेतु ODOP (एक जिला एक उत्पाद) के रूप में गेहूँ का चयन किये जाने हेतु प्रस्ताव रखा गया जिसे जिला स्तरीय समिति के द्वारा अनुमोदित किया गया। अंत में दोनों समितियों के अध्यक्ष के रूप में कलेक्टर के द्वारा DGFT नागपुर की अधिकारी और अन्य सदस्यों का अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सूरजपुर के तहसीलदार का तबादला



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** सूरजपुर जिले के तहसीलदार समीर शर्मा का ट्रांसफर किया गया है। सरगुजा संभाग आयुक्त कार्यालय ने प्रशासनिक व्यवस्था में फेरबदल करते हुए उन्हें अस्थायी रूप से जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में पदस्थ किया गया है।

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला प्रशासन के जारी आदेश के मुताबिक, उन्हें नागपुर का तहसीलदार नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें तहसील चिरमिरी का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

इसी आदेश में तहसीलदार उमंग जैन को जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में संलग्न किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। यह व्यवस्था अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी।

# ग्राम पंचायत सिरौली में "एक पेड़ माँ के नाम 2.0" अभियान के तहत् वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित






**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत सिरौली, जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए "एक पेड़ माँ के नाम 2.0" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ की गरिमामयी उपस्थिति में जनपद सदस्य, सरपंच, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान सभी ने पर्यावरण की रक्षा के लिए संकल्प लिया और ग्रामवासियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस विशेष अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को भी पौधे वितरित किए गए, जिससे वे अपने आवासों के समीप वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकें।

कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम के अमृत सरोवर स्थल पर भी वृक्षारोपण किया गया, जिससे न केवल पर्यावरण को लाभ होगा, बल्कि जल संरक्षण एवं जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलेगा। ग्रामवासियों में इस पहल को लेकर उत्साह देखा गया और सभी ने भविष्य में भी इसी प्रकार वृक्षारोपण अभियान को जारी रखने का संकल्प लिया।

# MBBS में एडमिशन का झांसा देकर 22 लाख ठगे

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ के चिरमिरी में MBBS में एडमिशन दिलाने के नाम पर कोचिंग सेंटर के संचालक ने 21 लाख 80 हजार रुपए की ठगी कर ली। तीन वर्ष पूर्व कोचिंग सेंटर संचालक ने दंपती की बेटी को MBBS कॉलेज में प्रवेश दिलाने का झांसा दिया। पैसे लेने के बाद न तो कॉलेज में एडमिशन हुआ और न ही राशि ही वापस की गई।दंपती की रिपोर्ट पर पुलिस ने धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मामला चिरमिरी थाना क्षेत्र का है। उनका संपर्क पाम करियर कंसलटेशन प्राइवेट लिमिटेड के संचालक प्रिंस कुमार से हुआ। प्रिंस कुमार ने आश्वस्त किया कि वह कौशिकी चौरसिया का एडमिशन करा देगा। इसके लिए पैसे खर्च करने पड़ेंगे।

सुनील कुमार चौरसिया ने बताया कि एडमिशन कराने का आश्वासन मिलने पर उन्होंने स्वयं और पत्नी गायत्री चौरसिया के खातों से चेक के माध्यम से 4 अगस्त 2022 से 26 अप्रैल 2023 के बीच कुल 21 लाख 80 हजार रुपए दे दिया। प्रिंस कुमार पैसे लेने के बाद एडमिशन नहीं करा सका तो सुनील चौरसिया ने पैसे वापस मांगे।सुनील कुमार चौरसिया को प्रिंस कुमार ने दुर्ग बुलाकर राशि वापस करने का आश्वासन दिया और 8 लाख 50 हजार रुपए का चेक दिया। प्रिंस कुमार ने कहा कि खाते में पैसे आएंगे तो वह चेक लगाने के लिए बोल देगा। अब तक प्रिंस कुमार ने चेक लगाने के लिए नहीं कहा। उसके बैंक खाते में पैसे नहीं हैं। इसकी शिकायत सुनील कुमार चौरसिया ने थाने में की। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में प्रिंस कुमार के खिलाफ धारा 420 का अपराध दर्ज किया है। चिरमिरी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत किया बंजी में सायकल रैली का आयोजन




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिला प्रशासन एवं खेल युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के खेलो इंडिया लघु केंद्र बंजी में सायकल रैली का आयोजन किया गया।

सायकल रैली का शुभारंभ हाई स्कूल बंजी के खेल मैदान में जिला पंचायत सदस्य रामजीत लकड़ा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर कर किया गया। आयोजन ग्राम बंजी के बाजार चौंक से होते हुए वापस स्कूल तक सायकल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों सहित, जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी सहित लगभग 150 व्यक्तियों ने सायकल रैली में भाग लिया। सायकल रैली में जिला शिक्षा अधिकारी, नोडल खेल एवं युवा कल्याण विभाग वीरेन्द्र नामदेव, जिला पंचायत सदस्य रामजीत लकड़ा, सरपंच ग्राम बंजी देवकुमार ने भाग लिया।

सायकल रैली में स्काउट गाइड के बच्चे, कबड्डी के बच्चे भी शामिल रहे। सायकल रैली को संपन्न कराने में पीटीआई शिव चौधरी, रणधीर ठाकुर, पूरन कश्यप, प्रशिक्षक रूप सिंह और पुलिस प्रशासन का योगदान रहा।

# जिले में शिक्षकों की काउंसलिंग प्रक्रिया संपन्न, स्कूलों को मिलेगी नई शैक्षणिक ऊर्जा




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और संतुलित बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में शिक्षकों की काउंसलिंग सफलता के साथ पूरी कर ली गई है। यह काउंसलिंग 2 जून से 3 जून तक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में योग्य अभ्यर्थियों ने भाग लिया और जिले की शैक्षणिक संरचना को मजबूती देने की दिशा में एक सकारात्मक पहल देखने को मिली।

जिले में कुल 241 रिक्तियों के विरुद्ध विभिन्न श्रेणियों के शिक्षकों की काउंसलिंग की गई। सहायक शिक्षक पदों के लिए 157 रिक्तियों पर काउंसलिंग हुई, जिसमें 154 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक के 3 पदों में से 1 पर काउंसलिंग आयोजित की गई, जबकि शिक्षक वर्ग के 104 पदों में से 51 पर चयन प्रक्रिया हुई, जहाँ 65 अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

उच्च माध्यमिक स्तर के व्याख्याता पदों के लिए 36 में से 32 रिक्तियों पर काउंसलिंग हुई और सभी 36 अभ्यर्थी इस प्रक्रिया में सम्मिलित हुए। हालांकि प्रधान पाठक (उ.मा.शा.) और प्राचार्य पदों के लिए इस चरण में कोई काउंसलिंग आयोजित नहीं की गई। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता और वरिष्ठता के आधार पर संपन्न हुई है।

काउंसलिंग के बाद चयनित शिक्षकों की नियुक्ति जल्द ही सुनिश्चित की जाएगी, जिससे जिले के स्कूलों में लंबे समय से चली आ रही शिक्षकों की कमी को प्रभावी रूप से दूर किया जा सकेगा। यह पहल न केवल प्रशासनिक पुनर्संरचना है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। राज्य सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि जहां छात्रों की संख्या अधिक है, वहाँ पर्याप्त और योग्य शिक्षक उपलब्ध कराए जाएं ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षण वातावरण मिल सके। यह काउंसलिंग जिले के विद्यार्थियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगी और उन्हें एक मजबूत शैक्षणिक आधार प्रदान करेगी

# महतारी वंदन योजना से हिन्देश्वरी के जीवन में आया बदलाव



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना ने प्रदेश की लाखों महिलाओं के जीवन में नया उजाला भर दिया है। इस योजना के तहत महिलाओं को मिलने वाली 1,000 रुपये की मासिक सहायता राशि ने उन्हें न सिर्फ आर्थिक तौर पर सशक्त बनाया है, बल्कि स्वावलंबी बनने का हौसला भी दिया है। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की हिन्देश्वरी इंदु राजे की कहानी इसका जीवंत उदाहरण है।

**हिन्देश्वरी इंदु राजे की सफलता की कहानी**

जिले के चिरमिरी की निवासी हिन्देश्वरी इंदु राजे इस योजना से लाभान्वित होकर अपने जीवन में बदलाव लाने वाली एक प्रेरणादायक उदाहरण हैं। पहले वे मितानिन के रूप में कार्य करती थीं, लेकिन कुछ कारणों से उनका यह काम छूट गया, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर हो गई। महतारी वंदन योजना से मिलने वाली 1,000 रुपये की मासिक सहायता ने उनके जीवन में नया बदलाव लाया। हिन्देश्वरी और उनकी माँ उषा देवी ने इस राशि को बचाकर एक छोटा होटल शुरू किया। धीरे-धीरे उन्होंने इस पैसे से होटल के लिए कुर्सियाँ, टेबल और बर्तन खरीदकर अपने व्यवसाय का विस्तार किया। आज उनकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है, और वे इस योजना के लिए छत्तीसगढ़ सरकार व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करती हैं।

**योजना का व्यापक प्रभाव**

महतारी वंदन योजना से छत्तीसगढ़ की 70 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। यह योजना न सिर्फ गरीबी उन्मूलन में मददगार साबित हो रही है, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। हिन्देश्वरी जैसी कई महिलाएं आज इस योजना की बदौलत नया व्यवसाय शुरू करके अपने परिवार की तकदीर बदल रही हैं। महतारी वंदन योजना सरकार की एक ऐसी पहल है, जिसने गरीबी की मार झेल रही महिलाओं को नया जीवन दिया है। हिन्देश्वरी की कहानी इस बात का प्रमाण है कि थोड़ी सी मदद और हौसला किसी के जीवन में कितना बड़ा बदलाव ला सकता है।

# चिरमिरी में बायपास सड़क निर्माण को मिली मंजूरी



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने चिरमिरी नगर के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत 8.65 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है।यह राशि सोनामनी नाका डोमनहिल से कोरिया होते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पोड़ी तक बायपास सड़क के निर्माण के लिए स्वीकृत की गई है। यह परियोजना नगर पालिक निगम चिरमिरी क्षेत्र में क्रियान्वित की जाएगी।

स्वीकृति आदेश में कई महत्वपूर्ण शर्तें रखी गई हैं। निर्माण कार्य प्रशासकीय स्वीकृति और तकनीकी मानकों के अनुरूप होना चाहिए। कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करना होगा। निविदा प्रक्रिया छत्तीसगढ़ नगर पालिका नियमों और कार्य विभाग मैनुअल के प्रावधानों के अनुसार की जाएगी। वित्त विभाग ने 27 मई 2025 को इस परियोजना के लिए अपनी सहमति दे दी है। यह परियोजना चिरमिरी के नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा प्रदान करेगी।

## रीवा/सतना की खबरें

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में व्यवस्थाओं पर की गई चर्चा




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 7 जून को इदुज्जुहा त्यौहार के आयोजन के संबंध में व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे ने कहा कि जिले की परंपरा के अनुसार त्यौहार शांति और सद्भाव से मनाए। प्रशासन द्वारा त्यौहार के दौरान सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। त्यौहार पूरे उल्लास और उत्साह से मनाएं। त्यौहार मनाते समय अनुशासन बनाए रखें। शोभा सबके सहयोग से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने अपेक्षा की कि सभी त्योहार सौहार्द पूर्ण ढंग से शांतिपूर्वक भाई चारे की भावना के साथ मनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान नगर निगम शहर के प्रमुख मार्गों की साफ-सफाई कराएगा। नगर निगम द्वारा बिजली और पानी की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। त्यौहारों के दौरान सभी प्रमुख नमाज स्थलों में सुरक्षा के उचित प्रबंध किए जाएंगे। बैठक में एसडीएम वैशाली जैन ने त्यौहार के दौरान की जाने वाली प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बैठक में विधायक प्रतिनिधि भूपेन्द्र सिंह शांति समिति के सभी सदस्य तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मतदाता सूची में एक घर में 11 से अधिक मतदाताओं का प्रतिवेदन प्रस्तुत करें

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के नगरीय निकायों तथा पंचायतों की मतदाता सूची में एक ही घर में 11 अथवा उससे अधिक दर्ज मतदाता वालों मतदाताओं का नगरीय निकायवार/विकासखण्डवार भौतिक सत्यापन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। लेकिन अभी तक भौतिक सत्यापन की जानकारी अप्राप्त है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने आयुक्त नगर निगम, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तथा सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से भौतिक सत्यान कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की अपेक्षा की है।

### विश्व योग दिवस पर जिला, विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायत में होंगे योगाभ्यास

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** योग विद्या देश विशिष्ट पहचान है। हर वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है। शासन द्वारा योग दिवस के संबंध में जारी निर्देशों के अनुसार इस वर्ष 21 जून को जिला, विकासखण्ड और ग्राम पंचायत स्तर तक योग दिवस मनाया जाएगा। योग दिवस पर सभी शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों में सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित होंगे। योग दिवस के कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शासकीय कर्मचारियों, एनसीसी, एनएसएस, पुलिसकर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों, आद्योगिक संगठनों और आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। योग दिवस में शामिल होने वाले सभी व्यक्तियों का पंजीयन भारत सरकार की वेबसाइट योगा डॉट आयुष डॉट जीओभी डॉट/इन योगा-संगम में पंजीयन कराना होगा। इस वर्ष एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर योग दिवस के कार्यक्रम केन्द्रित होंगे। इस वर्ष योग दिवस पर 21 जून को प्रदेश के 10 प्रमुख पर्यटन स्थलों में योगाभ्यास के विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। अनूपपुर जिले में अमरकंटक, रायसेन जिले में भीमबैठका गुफा, भोपाल जिले में रानी कमलापति महल, उमरिया जिले में बांधवगढ़, ग्वालियर जिले में मान सिंह महल के पास, छतरपुर जिले में खजुराहो के मंदिर में योग दिवस के कार्यक्रम होंगे। इसी तरह निवाड़ी जिले के ओरछा में, रायसेन जिले के सांची स्तूप के पास, धार जिले में माण्डू में जहाज महल के सामने तथा खरगौन जिले के महेश्वर में योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। योग दिवस के कार्यक्रम प्रातः 6 बजे शुरू होंगे। इसमें 6 बजे से 6.30 बजे तक स्थानीय जनप्रतिनिधियों का उद्बोधन होगा। इसके बाद भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के योग दिवस संदेश और उद्बोधन का सुबह 6.30 बजे से 6.40 बजे तक सजीव प्रसारण सभी स्थलों में दिखाया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशाखापट्नम से योग दिवस के उद्बोधन का सुबह 6.40 बजे से सजीव प्रसारण दिखाया जाएगा। कार्यक्रम में सुबह 7 बजे से 7.45 बजे तक निर्धारित योग प्रोटोकाल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास होगा। प्रत्येक आयोजन स्थल पर प्रशिक्षित योग शिक्षक की निगरानी में योगाभ्यास कराया जाएगा।

### केन्द्रीय जेल में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** केन्द्रीय जेल विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लगभग 50 वृक्ष जैसे बादाम, नीम, आम, जामुन, आंवला, नीवू, अमरूद के साथ-साथ अन्य फलदार वृक्षों का रोपण किया गया । वृक्षारोपण के पश्चात उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बंदियों द्वारा पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने में वृक्षों के महत्व पर चर्चा कर वृक्षों को बचाने का संकल्प लिया गया। बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुये शासन की प्रमुख योजना जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत केन्द्रीय जेल परिसर में स्थित जलाशयों की साफ-सफाई एवं जेल के बगीचा क्रमांक 02 में स्थित तलैया का सौंदर्याकरण का कार्य कराया गया । कार्यक्रम में सतीश कुमार उपाध्याय जेल अधीक्षक, संजीव कुमार गेंदले उप जेल अधीक्षक, योगेन्द्र पमारं उप जेल अधीक्षक, पूजा मिश्रा सहायक जेल अधीक्षक, राजीव कुमार तिवारी, स्वदीप सिंह, विवेक मौर्य, प्रियंका धाकड़ के साथ-साथ जेल के प्रहरी संवर्ग एवं गौशाला/जेल वगीचा में कार्य करने वाले बंदियों की प्रमुख भूमिका रही । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जेल अधीक्षक द्वारा जेल में परिरुद्ध पात्र दण्डित बंदियों को 05 दिवस विशेष परिहार प्रदान किया गया । विशेष परिहार प्राप्त होने पर जेल में परिरुद्ध दण्डित बंदियों द्वारा जेल अधीक्षक का आभार व्यक्त किया गया।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 जून तक

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रीवा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एमपी ऑनलाइन के माध्यम से एक मई से किया जा रहा है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 16 जून निर्धारित है। इस संबंध में प्राचार्य आईटीआई ने बताया कि आईटीआई में विभिन्न उद्योगों में रोजगार का अवसर देने वाले पाठ्यक्रम संचालित हैं। आईटीआई में 23 ट्रेडों में वर्तमान में प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है। आवेदन करने के लिए पात्र विद्यार्थी अपने आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, कक्षा 10वीं की अंकसूची तथा पासपोर्ट आकार की फोटो के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ावर्ग के उम्मीदवारों के लिए जाति प्रमाण पत्र भी अपलोड करना आवश्यक होगा। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए मोबाइल नम्बर तथा ईमेल आईडी का होना आवश्यक है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं चॉइस फिलिंग के लिए आवेदन संभागीय आईटीआई रीवा में उपस्थित होकर हेल्प डेस्क के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं। प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक डीएसडी डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## आईपीएल में बने कई नये रिकार्ड बने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18 वें सत्र में जहां आरसीबी के रुप में एक नई विजेता मिली है। वहीं पूरे टूर्नामेंट के दौरान कई नये रिकार्ड भी बने है। इस सत्र में 26381 रन बने जबकि 1294 छक्के लगे हैं। कुल मिलाकर देखा जाये तो इस सत्र में 6 बड़े रिकॉर्ड बने हैं। वहीं इस सत्र में सबसे ज्यादा 200 रनों से अधिक के स्कोर भी बने हैं। एक सत्र में सबसे ज्यादा रन 26381 बने हैं। वहीं एक सत्र में सबसे ज्यादा रन/विकेट 30.39 हैं। एक सीजन में सबसे ज्यादा आरपीओ- 9.62, एक सत्र में सबसे ज्यादा चौके 2245, एक सत्र में सबसे ज्यादा छक्के 1294 और एक सत्र में सबसे ज्यादा 200 से अधिक रन का स्कोर भी 52 बार बना है। बात आईपीएल 2025 फाइनल में आरसीबी की टीम के किसी खिलाड़ी ने अर्धशतक नहीं लगाया। इसके बाद भी टीम ने मिलकर 20 ओवर में 190 रन बना दिये। इस मैच में दोनो ही टीमों के किसी भी गेंदबाज ने पांच विकेट नहीं लिए। आरसीबी की ओर से सबसे अधिक स्कोर विराट कोहली का 43 रनों का रहा। पंजाब के लिए काइल जैमिंसन और अर्शदीप सिंह ने 3-3 विकेट लिए। पंजाब किंग्स की ओर से सबसे अधिक 61 रन शशांक सिंह ने बनाये, वहीं जोश इंग्लिस ने 39 रनों की पारी खेली।

## वैभव की बल्लेबाजी क्षमताओं को देखकर हैरान हैं सबा करीम और आमरे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की टीम में शामिल 14 साल के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया है।

वैभव ने इस सत्र में जिस प्रकार 35 गेंदों में ही शतक लगा दिया उससे दिग्गज भी हैरान हैं और कई लोगों का मानना है कि वह भविष्य का सितारा है। वैभव ने स्पिनर राशिद ख़ान के अलावा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, इशांत शर्मा और प्रसिद्ध कृष्णा का सामना बेखौफ होकर किया जिससे उसकी उनकी क्षमताओं का अंदाजा होता है। वैभव के प्रदर्शन को लेकर उसके बचपन के कोच बेहद उत्साहित हैं अनका मानना है कि वह आने वाले समय में भारतीय टीम में शामिल होगा। वैभव की पारियों को लेकर भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज़ सबा करीम ने कहा, मैंने वैभव की ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ अंडर-19 और कुछ दूसरी पारियों के वीडियो देखे थे। उसके बाद से ही मैं समझ गया था कि उसमें अलग ही बात है। वैभव की प्रतिभा के बारे में वो कहते हैं, मैं उनसे शतक की उम्मीद तो नहीं कर रहा था पर इस 14 साल के बल्लेबाज़ 145 किलोमीटर प्रति घंटा से भी ज्यादा रफ़्तार से फेंकी गई गेंदों को अच्छे तरीके से खेलते देखना एक शानदार अनुभव था।

वहीं पूर्व क्रिकेटर प्रवीण आमरे भी वैभव के प्रदर्शन को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा ,वैभव के खेल में जो चीज मुझे सबसे पसंद है वो है टाइमिंग. चाहे आप नए बल्लेबाज़ हों या फिर अनुभवी, बैटिंग पूरी तरह टाइमिंग का मामला है। उस दिन वैभव ने दिखाया उसकी टाइमिंग कितनी बेहतरीन है। वो जानता है कि चौका-छक्का कैसे मारा जाए। उससे भी ज्यादा वो ये जानता है कि गेंदबाजों पर हावी होकर कैसे खेला जाए। साथ ही कहा कि ऐसी सभी प्रतिभाएं अपनी क्षमताओं को लेकर आत्मविश्वास से भरी होती हैं। उनके सामने ये साफ होता है कि उन्हें क्या करना है। वहीं वैभव के कोच और मनीष ओझा कहते हैं, मुझे अच्छी तरह वो दिन याद है जब वैभव और उनके पिता संजीव पहली बार 2018 में मेरी एकेडमी में आए थे, तभी उसके अंदर कुछ अलग नजर आया।



## क्रुणाल चार बार आईपीएल खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली खिताबी जीत में स्पिनर क्रुणाल पांड्या की अहम भूमिका रही। क्रुणाल ने 4 ओवरों में ही 17 रन देकर दो अहम विकेट लेकर मैच पलट दिया था। क्रुणाल पांड्या ने प्रभसिमरन सिंह 26 और जोश इंगलिस 39 को आउट किया जो आरसीबी के लिए खतरनाक साबित हो सकते थे। आरसीबी की जीत के साथ ही क्रुणाल चार बार आईपीएल खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं। क्रुणाल के अलावा रवींद्र जडेजा और लसिथ मलिंगा भी चार-चार बार आईपीएल खिताब विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं।

वहीं आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा बार आईपीएल खिताब जीतने के मामले में रोहित शर्मा और अंबाती रायडू शीर्ष पर हैं। इन दोनों ही खिलाड़ियों ने छह-छह बार ट्रॉफी जीती हैं। वहीं इस सूची में दूसरे स्थान पर महेंद्र सिंह धोनी, कीरोन पोलार्ड और हार्दिक पांड्या जिन्होंने पांच-पांच बार आईपीएल खिताब जीता है। आरसीबी ने पंजाब के खिलाफ खिताबी मुकाबले में 190 रन बनाये। उसकी ओर से विराट कोहली ने सबसे अधिक 43 रन बनाये। वहीं पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह और काइल जैमीसन ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि अजमतुल्लाह जजई, विजयकुमार वैशाख और युजवेंद्र चहल ने एक-एक विकेट लिया।

## अक्षर पटेल ने ले लिया रिटायरमेंट?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 के समापन के ठीक बाद एक वीडियो ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है। जिसमें बताया जा रहा है कि, दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने संन्यास ले लिया। अक्षर पटेल का कहना है कि उन्होंने क्रिकेट को अलविदा कहने का निर्णय ले लिया है। वायरल वीडियो में अक्षर कहते दिख रहे हैं कि उनका और क्रिकेट का सफर सिर्फ यहीं तक था। बता दें कि, इस वीडियो में अक्षर पटेल ने रिटायरमेंट स्पीच देते हुए कहा कि, बहुत अहम अनाउंसमेंट, मेरे लिए ये घोषणा करना आसान नहीं है। क्रिकेट ने मुझे सब दिया है मेरी पहचान और आपका प्यार लेकिन हर एक सफर



का एक अंत होता है। शायद मेरा और क्रिकेट का सफर यहीं तक का था। बता दें कि, अक्षर पटेल भारत के बेहतरीन ऑलराउंडर खिलाड़ियों में से एक हैं। इंस्टाग्राम पर एमआई आईपीएल 2025 नाम से एक यूजर ने वीडियो शेयर किया है। जिसमें अक्षर पटेल का वीडियो दिखा रहा है। इस वीडियो में अक्षर पटेल अपने रिटायरमेंट का ऐलान करते हुए दिख रहे हैं।

हालांकि, इस वीडियो को फेक बताया जा रहा है। साथ ही कहा जा रहा है कि ये वीडियो एआई जनरेटेड है। वहीं अक्षर पटेल के ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से इस तरह का कोई भी वीडियो या बात नहीं कही गई है।

## आरसीबी के विक्ट्री सेलिब्रेशन में हुई भगदड़ पर आया बीसीसीआई का बड़ा बयान

नई दिल्ली (एजेंसी)। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में कई लोगों की मौत को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। बीसीसीआई सिचव ने बुधवार को कहा कि आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न की बेहतर योजना बनाई जानी चाहिए थी। आरसीबी के 18 साल के इंतजार के बाद पहले आईपीएल खिताब जीतने से शहर में जश्न का माहौल था जो आज गम में बदल गया। स्टेडियम के बाहर लाखों की तादाद में फैंस जुटे थे जिन पर पुलिस नियंत्रण नहीं कर सकी।

सैकिया ने पीटीआई से कहा कि, ये काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। ये लोकप्रियता का नकारात्मक पहलू है। लोग अपने क्रिकेटरों के लिए पागल हैं। आयोजकों को इसकी बेहतर योजना बनानी चाहिए थी। मृतको के परिजमों के प्रति मेरी संवेदनाएं। मैं घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करता हूं।


साथ ही उन्होंने कहा कि, इस स्तर के जीत के जश्न के आयोजन के लिए पर्याप्त एहतियात बरती जानी चाहिए थे और सुरक्षा उपायों को ध्यान में रखना था। कहीं न कहीं तो कोई चूक हुई है। उन्होंने कहा कि आईपीएल के इतने बेहतरीन अंत के बाद ये रंग में भंग हो गया। पहले भी आई पीएल जीत के जश्न हुए हैं जैसे पिछले साल केकेआर के जीतने पर कोलकाता में हुआ था लेकिन वहां कुछ नहीं हुआ।

## रिंकू से सगाई की अटकलों के बीच ही एक शादी समारोह में पहुंचीं सांसद प्रिया

नई दिल्ली (एजेंसी)। क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज की 8 जून को होने वाली सगाई को लेकर चर्चाएं जोरों पर हैं। इसी बीच प्रिया अपने संसदीय क्षेत्र जौनपुर में एक शादी समारोह में शामिल हुई जिसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया में आई हैं। इस अवसर पर सांसद प्रिया पारंपरिक परिधान में नजर आयीं और उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं पूछीं। प्रिया ने हालांकि रिंकू के साथ अपनी सगाई और शादी को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। प्रिया ने केवल इतना कहा कि वो अभी अपने क्षेत्र के कामकाज और जनता की सेवा पर ध्यान दे रही हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार रिंकू और प्रिया की मुलाकात एक सामाजिक कार्यक्रम के दौरान हुई थी, जिसके बाद दोनों परिवारों की सहमति से यह रिश्ता तय हुआ है। सगाई के बाद ही दोनों की शादी की तारीख को लेकर भी स्थिति साफ होगी। इससे पहले क्रिकेटर कुलदीप यादव की सगाई समारोह में रिंकू भी शामिल हुए थे। रिंकू ने सोशल मीडिया पर अपनी कई तस्वीरें भी साझा की हैं। इसी कार्यक्रम में प्रिया के शामिल होने से भी उनकी रिंकू से शादी की अटकलें तेज हो गयीं।

## केविन पीटरसन ने हिन्दी में पोस्ट करके जताया इंडियन आर्मी का आभार

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर केविन पीटरसन ने हाल ही में आईपीएल 2025 के बेहतरीन आयोजन के बाद अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर हिन्दी में एक पोस्ट शेयर कर सबका दिल जीत लिया। इस पोस्ट में उन्होंने न सिर्फ आईपीएल से जुड़े लोगों का आभार जताया बल्किन इंडियन आर्मी को भी धन्यवाद कहा, जो उनकी इस पोस्ट का सबसे खास हिस्सा रहा। केविन ने अपनी पोस्ट में लिखा कि, आईपीएल समाप्त होने के साथ ही मैं 2025 के शानदार आयोजन के लिए सभी को बधाई देना चाहता हूं और उनका धन्यवाद करना चाहता हूं। बीसीसीआई से शुरू करते हुए खिलाड़ी, कोच, बैक रूम स्टाफ, होटल, स्टेडियम अधिकारी, कोच ड्राइवर, बैगेज मैन, सुरक्षाकर्मी और भारतीय सेना। सभी धन्यवादों के साथ मैं आप सभी प्रशंसकों का बहुत-बहुत धन्यवाद कहना चाहता हूं। आप आईपीएल को



दुनिया का सबसे बेहतरीन टूर्नामेंट बनाते हैं। भारत में सभी को शुभकामनाएं और आरसीबी को बधाई। वहीं केविन का ये पोस्ट इसलिए भी खास है क्योंकि वो हिन्दी में लिखा गया है जो उनके भारतीय फैंस के प्रति प्यार और सम्मान को दर्शाता है। बता दें कि, केविन आईपीएळ में दिल्ली कैपिटल्स के मेंटॉर हैं और समय-समय पर भारतीय क्रिकेट के लिए अपनी प्रशंसा जाहिर करते रहते हैं।

## साई सुदर्शन का धमाल, ऑरेंज कैप जीतकर रचा इतिहास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 का समापन हो गया है। आरसीबी ने फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार आईपीएल ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं गुजरात टाइटंस के युवा सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने 18वें सीजन में ऑरेंज कैप जीती। ये अवॉर्ड एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर को मिलता है। उन्होंने सीजन में 15 मैचों में 54.21 की औसत से 759 रन जोड़े। उनके बल्ले से एक शतक और 6 अर्धशतकीय पारियां निकलीं। जीटी एलिमिनेटर से आगे नहीं बढ़ी। सुदर्शन ने जबर्दस्त प्रदर्शन के दम पर डबल धमाल किया। उन्होंने ना सिर्फ ऑरेंज कैप जीतकर इतिहास रच दिया। दरअसल, सुदर्शन आईपीएल ऑरेंज कैप जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं।





उन्होंने 23 साल और 231 दिन की उम्र में ऑरेंज कैप अपने नाम की। सुदर्शन ने जीटी के कप्तान शुभमन गिल का रिकॉर्ड ध्वस्त किया है। गिल ने आईपीएल 2023 में 23 साल और 263 दिन की उम्र में ऑरेंज कैप हासिल की थी। उन्होंने 16वें सीजन में 17 मैचों में 59.33 की औसत से 890 रन से बनाए, जिसमें तीन सेंचुरी और चार फिफ्टी शामिल हैं। गिल 2025 सीजन में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर रहे। उन्होंने 15 मैचों में पांच अर्धशतकीय पारियों की मदद से 650 रन जोड़े। उनका औसत 50.00 का रहा। सुदर्शन इसके अलावा एक आईपीएल सीजन में सुयंक्त रूप से सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने 18वें सीजन में 88 चौके ठोके। सुदर्शन ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व धाकड़ ओपनर डेविड वॉर्नर की बराबरी कर ली। वॉर्नर ने आईपीएळ 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से 17 मैचों में 88 चौके मारे थे। लिस्ट में तीसरे नंबर पर महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर हैं, जिन्होंने 2011 में मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए 86 चौके जमाए। उनके बाद गिल का नंबर है। 2023 में गिल के बल्ले से 85 चौके निकले। इंग्लैंड के बल्लेबाज जोस बटलर पांचवें पायदान हैं, जिन्होंने 2022 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से 84 चौके जड़े, वह अब जीटी का हिस्सा हैं।

## आरसीबी का विक्ट्री सेलिब्रेशन हुआ खत्म, समारोह में शामिल हुए लाखों लोग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आरसीबी ने मंगलवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर 18 साल में अपना पहला खिताब जीता था। आरसीबी की टीम पहली आईपीएल खिताबी जीत के बाद बेंगलुरु में आयोजित विशेष सम्मान समारोह में शामिल हुई।

आईपीएल चैंपियन आरसीबी की टीम बुधवार दोपहर जब यहां पहुंची तो हवाई अड्डे के बाहर सड़क पर दोनों तरफ बड़ी संख्या में खड़े फैंस ने उनका गर्मजोश से अभिवादन किया। खिलाड़ियों के स्टेडियम पहुंचने से पहले हुए भगदड़ में 10 लोगों ने अपनी जान गंवाई और 50 से ज्यादा लोग घायल हुए और इसी वजह से कार्यक्रम को जल्द खत्म कर दिया गया। वहीं चिन्नास्वामी स्टेडियम में मौजूद हजारों



लोगों ने विराट कोहली को बोलने ही नहीं दिया। इस कारण कोहली को खुद कहना पड़ा कि इस समारोह को खत्म भी किया जाना है। इसलिए समय की कमी के कारण विराट को आग्रह करना पड़ा कि लोग उन्हें बात करने दें। मैं वही दोहराकर शुरू करने जा रहा हूं जो हमारे कप्तान ने ट्रॉफी जीतने के बाद कहा था। अब ई साला कप नमदे नहीं ई साला कप नमदु है। हमने कर दिखाया, ये सिर्फ खिलाड़ियों या मुझ जैसे किसी व्यक्ति के लिए नहीं है जो यहां 18 सालों से है बल्कि आप सभी के लिए है।

ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा, प्रयागराज से गंगा स्नान कर लौट रहे थे ऑटो सवार

# सोहागी घाटी में फिर बड़ा हादसा, 7 लोगों की मौत

### सीमेंट सीट से लोड बल्कर ट्रक ऑटो पर पलटा

### दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख तथा घायलों को 50-50 हजार की मिलेगी सहायता





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा जिले की सोहागी घाटी में फिर एक बड़ा हादसा हो गया। घाटी में सीमेंट सीट से लदा एक बल्कर ट्रक ऑटो पर पलट गया। हादसे में ऑटो सवार 7 लोगों की मौत हो गई। 4 लोगों की तो मौके पर ही जान चली गई। एक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। जबकि 2 लोगों की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मरने वालों में 4 बच्चे, एक महिला और दो पुरुष शामिल हैं।

हादसे में 3 लोग घायल भी हुए हैं।पुलिस के अनुसार, ऑटो में कुल 10 लोग सवार थे। सभी मऊगंज जिले के नई गढ़ी के रहने वाले थे और प्रयागराज से गंगा स्नान कर लौट रहे थे। बल्कर भी प्रयागराज से रीवा की ओर आ रहा था। तभी यूपी-एमपी के बॉर्डर पर सोहागी घाटी से गुजरते वक्त ट्रक ने ऑटो को ओवरटेक किया। इसी दौरान अनियंत्रित होकर वह ऑटो के ऊपर पलट गया। मृतकों में रामजीत जायसवाल, पिंकी जायसवाल, अंबिका जायसवाल, हीरालाल जायसवाल, कुमारी मानवी जायसवाल, अरविंद जायसवाल, सौरभ जायसवाल शामिल हैं। जबकि रविता जायसवाल, कुंवारी अदिति जायसवाल और प्रियांशु जायसवाल घायल हैं, जिनका उपचार संजय गांधी अस्पताल रीवा में जारी है। एडिशनल एसपी विवेक लाल ने बताया कि हादसे के कारण सोहागी पहाड़ से टोल प्लाजा तक करीब तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जिसे आधे घंटे की मशक्कत के बाद खुलवाया जा सका।

### मुख्यमंत्री ने मृतकों के प्रति व्यक्त किया शोक

जिले के रीवा-प्रयागराज मार्ग सोहागी घाटी में दोपहर भीषण सड़क दुर्घटना में सात व्यक्तियों की दुखद मौत हो गई। दुर्घटना में तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दुर्घटना में असमय काल कवलित व्यक्तियों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है। मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री जी ने दुर्घटना में मृत 7 व्यक्तियों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए तथा 3 घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। यह राशि मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से दी जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम त्योंथर संजय जैन तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस बल तथा अन्य व्यक्तियों के सहयोग से तत्काल राहत और बचाव कार्य कराया। घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल त्योंथर और गंगेव में भर्ती कराया गया। यह दुर्घटना सोहागी घाटी में अनियंत्रित ट्रक के आटोरिक्शा पर पलटने से हुई। आटोरिक्शा में सवार सभी व्यक्ति आपस में रिश्तेदार हैं। दुर्घटना में रामजीत जायसवाल आयु 38 वर्ष, पिंकी जायसवाल आयु 35 वर्ष, कुमारी अंशिका जायसवाल आयु 8 वर्ष सभी निवासी ग्राम भमरा की दुखद मौत हो गई। दुर्घटना में कुमारी मानवी जायसवाल आयु 7 वर्ष निवासी बहेरी, अरविंद जायसवाल आयु 6 वर्ष निवासी बहेरी तथा सौरभ जायसवाल आयु 12 वर्ष निवासी उमरी एवं हीरालाल जायसवाल आयु 65 वर्ष निवासी भमरा की भी दुखद मौत हो गई है। दुर्घटना में रविता जायसवाल निवासी बहेरी, कुमारी अदिति जायसवाल आयु 5 वर्ष निवासी भमरा एवं प्रियांशु जायसवाल आयु 10 वर्ष निवासी भमरा गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनका उपचार किया जा रहा है।

## खड़ी बोलेरो में कार ने मारी टक्कर, कटनी से रीवा जा रहा था परिवार



### कोई हताहत नहीं

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर में गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे एक पंचर खड़ी बोलेरो वाहन में कार ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। कार में अनिल सिंह और उनका परिवार सवार था। सौभाग्य से दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

गुरुवार दोपहर पंचर बोलेरो वाहन खड़ी थी। पंचर का टायर बदला जा रहा था और कुछ लोग गाड़ी में बैठे हुए थे। इसी दौरान कटनी से रीवा जा रही तेज रफ्तार कार ने पीछे से बोलेरो में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। कार में अनिल सिंह और उनका परिवार सवार था। इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

दुर्घटना के बाद दोनों पक्षों में नुकसान की भरपाई को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ता देख आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों की समझाइश के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया और मामला शांत हो गया।

## सतना से अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर गिरफ्तार, कई राज्यों में वांटेड



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना सिटी कोतवाली पुलिस ने बुधवार को एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी निखिल राजवानी (25) कोरेक्स सिरप की अवैध तस्करी से जुड़ा हुआ था। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

निखिल सतना के धवारी इलाके में वीरेंद्र सिंह के मकान में किराए पर रहता था। वे इंदौर, भोपाल, नीमच और मंदसौर पुलिस के लिए भी वांटेड था। नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन 'मानस' पर भी इसकी शिकायत दर्ज थी।

कोतवाली टीआई रावेंद्र द्विवेदी के अनुसार, पुलिस टीम साइबर सेल के साथ मिलकर आरोपी की ट्रैकिंग कर रही थी। दो दिन पहले उसका मोबाइल एक्टिव हुआ। बुधवार को रेलवे स्टेशन के पास से उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी देश के बड़े शहरों में फाइव स्टार होटलों में ठहरता था। एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर पुलिस टीम आरोपी की संपत्ति और उसके खिलाफ दर्ज अन्य मामलों की जांच कर रही है।

## जमीनी विवाद में बंधक बनाकर पीटा, पानी मांगने पर की मुह में पेशाब

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा जिले के चाकघाट थाना अंतर्गत ग्राम मांगी में जमीन के विवाद में जमकर लाठियां चलीं। दो युवकों को बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट की गई। वहीं आरोप है कि पीड़ितों द्वारा पानी मांगने पर आरोपियों ने युवक के चेहरे में पेशाब कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। और इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल भेज दिया। घायलों के चाचा मनोज कुमार भूर्तिया ने बताया कि वह सड़क पर ट्रैक्टर से मिट्टी गिराने गए थे, तभी उनके चाचा का लड़का अलबेला आया और बाइक को रास्ते पर खड़ी कर दिया। तभी उनके चाचा सहित अन्य लोग लट्ठ लेकर आए और भतीजे अंश भूर्तिया और सचिन भूर्तिया को मारने लगे। जिससे सिर पर में चोट आई है वहीं भतीजे अंश भूर्तिया को घर के अंदर ले और 2 घंटे तक बंधक बनाकर रखा, जहां पानी मांगने पर कृष्णा भूर्तिया ने उसके मुह पर पेशाब कर दिया। और उसके साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट की गई। युवकों को मारने वालों में गौरी शंकर भूर्तिया सहित उनके पांच भाई और पांच से छह अन्य लोग शामिल थे। मनोज कुमार भूर्तिया ने बताया कि आरोपियों खिलाफ पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## विशाल मेगा मार्ट के पास बोलेरो की टक्कर से कार के उड़े परखच्चे

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा शहर में विशाल मेगा मार्ट के पास एक पुलिस लिखी बोलेरो ने एक कार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का इंजन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बोलेरो चला रहा व्यक्ति सीधी में पदस्थ एक पुलिसकर्मी का बेटा बताया जा रहा है। चालक ने दावा किया कि उसकी गाड़ी का ब्रेक फेल हो गया था, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही समान थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। बोलेरो चालक ने भरोसा दिलाया है कि गाड़ी का बीमा है और वे जल्द ही क्लेम करवाएंगे ताकि कार के मालिक को हुए नुकसान की भरपाई की जा सके।

## बस में सफर के दौरान हादसे में युवती का हाथ कटकर अलग हो गया

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** बस में सफर कर रही युवती को छोटी सी लापरवाही उसकी जिंदगी पर भरी पड़ गई। वह खिड़की से हाथ निकालकर बैठी थी, सामने से आ रहे हाइवा की चपेट में आने से हाथ कटकर अलग हो गया। जानकारी के अनुसार, मनेन्द्रगढ़ से सीधी जा रही बस में 22 वर्षीय शिवानी उपाध्याय अपने परिवार के साथ नाना के घर पटपरा जा रही थी। बुधवार दोपहर करीब 2 बजे जैसे ही बस ब्यौहारी के गूरा घाटी पहुंची तो युवती ने हाथ खिड़की से बाहर निकाल लिया। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रहा हाइवा बस को टक्कर मारते हुए सटकर निकला, जिसकी चपेट में आने से युवती का हाथ कटकर अलग हो गया। हादसे में घायल युवती की बहन रिद्धी उपाध्याय व बस चालक को भी चोट आई है, जिसका उपचार जारी है। हादसे के बाद तत्काल युवती को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां से चिकित्सकों ने संजय गांधी अस्पताल रीवा के लिए रेफर कर दिया। सांयकाल करीब चार बजे परिजन युवती के साथ उसका कटा हाथ लेकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचे। जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए परिजन उपचार के लिए जबलपुर लेकर गए।

## सड़क निर्माण में रुकावट बने अतिक्रमण पर चली जेसीबी



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नगर निगम ने गुरुवार को वार्ड 43 में बड़ी कार्रवाई करते हुए सड़क पर किए अतिक्रमण को हटाया। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में एक कच्चा मकान पूरी तरह और 11 मकानों के छज्जे, बाउंड्री, शौचालय और पिलर गिराए गए। आयुक्त सोनवणे ने बताया कि यह कार्रवाई राजस्व ग्राम बदलवार के खसरा नंबर 489 और 562 में की गई। रामराज तिराहे से ललई पटेल के घर होते हुए के.वी. साकेत के घर से सावा मोड़ तक सार्वजनिक रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। बता दें कि, राजस्व विभाग ने 28 फरवरी 2025 को इस क्षेत्र का सीमांकन किया था। यहां अतिक्रमण की वजह से सड़क निर्माण का काम रुका हुआ था। कार्रवाई के दौरान नगर निगम की निर्माण टीम, अतिक्रमण दल और पुलिस बल मौजूद रहे। पूरी कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह जेएन कंसोटिया ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की समीक्षा

# एमएलसी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट 15 अगस्त तक शत-प्रतिशत ऑनलाइन करने के निर्देश





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह जेएन कंसोटिया ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि मेडिको लीगल रिपोर्ट एमएलसी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन देने की व्यवस्था लागू हो गई है। इससे जुड़े पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सभी कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक इस व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी जिलों में 15 अगस्त तक एमएलसी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट शत-प्रतिशत पोर्टल के माध्यम से देना सुनिश्चित करें। इसके लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दें। समय पर रिपोर्ट प्राप्त होने पर अपराधियों की विवेचना और चालान न्यायालय में प्रस्तुत करने में तेजी आएगी। प्रकरणों में अब डॉक्टरों को न्यायालय में गवाही के लिए उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। डॉक्टर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी गवाही दे सकते हैं। अभी 10 जिलों में जिला अस्पतालों में वीडियो कान्फ्रेंसिंग की व्यवस्था कर दी गई है। शीघ्र ही सभी जिलों में इसकी व्यवस्था कर दी जाएगी।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि पुलिस अधीक्षक जिले के संवेदनशील स्थानों का निर्धारण कर लें। जिले में सायरन स्थापित करने वाले स्थलों की सूची भी विवेकपूर्ण तरीके से बनाएं। शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार जनसंख्या का लगभग एक प्रतिशत सिविल डिफेंस वालेंटियर के रूप में पंजीकृत होना है। निर्धारित मापदण्डों के अनुसार इनका चयन करके पोर्टल में जानकारी दर्ज कराएं। इन्हें प्रशिक्षण तथा पहचान पत्र प्रदान करें। कलेक्टर इनकी तैनाती अपने स्तर से करें जिससे किसी भी प्राकृतिक अथवा अन्य आपदा में इनसे समुचित सहयोग लिया जा सके। सभी जिलों में आपदा प्रबंधन के लिए कंट्रोल रूम तथा ऑपरेशन सेंटर तत्काल बना दें। अस्पतालों में दुर्घटना और आपदा के समय पीड़ितों के उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। वर्षाकाल आने में अब समय नहीं है। जिला और विकासखण्ड स्तर पर आपदा प्रबंधन की बैठकें आयोजित करके राहत और बचाव कार्य के प्रबंधों की समीक्षा कर लें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर कार्यालय से कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, अपर कमिश्नर नीतू माथुर, संभागीय कमाण्डेंट होमगार्ड, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा डिप्टी कमिश्नर श्रेयस गोखले उपस्थित रहे। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर प्रतिभा पाल, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गूगल मीट से विश्व योग दिवस के तैयारियों की समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** संभाग के सभी जिलों में 21 जून को विश्व योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसकी तैयारियों के लिए संभागीय आयुष अधिकारी द्वारा रीवा संभाग अंतर्गत समस्त जिला आयुष अधिकारियों की योग दिवस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर एक मीटिंग गूगल मीट पर आयोजित की गई। जिसमें सभी जिलों के जिला आयुष अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में योग संगम की लिंक पर पंजीयन की स्थिति की समीक्षा की गई साथ ही योग दिवस की इस वर्ष की निर्धारित थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर सभी संस्थाओं में चल रहे योगाभ्यास में प्रतिभागियों की अधिकाधिक संख्या रखने के संबंध में चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान अनूपपुर जिला में अमरकंटक एवं उमरिया जिले में बांधवगढ़ में आयोजित कार्यक्रम स्थल में अनुमानित प्रतिभागियों की संख्या तथा प्रचार के संबंध में वॉलिंटियर्स बनाने सहित अन्य निर्देश दिये।

## मलेरिया जागरूकता रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने किया रवाना




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शासन के निर्देशों के अनुसार एक जून से 30 जून तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया माह मनाया जा रहा है। इस माह में मलेरिया से बचाव के उपायों के साथ-साथ लोगों को जागरूक करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला द्वारा मलेरिया जागरूकता रथ को हरी झड़ी दिखाकर किया गया।

इस संबंध में जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानसून से पूर्व मलेरिया से बचाव हेतु आवश्यक तैयारी एवं जन जागरूकता संबंधी गतिविधियां, कार्यशाला आदि का आयोजन किया जा रहा है। मलेरिया से बचाव का संदेश देने के लिए मलेरिया रथ रूट चार्ट अनुसार मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा है। यह रथ स्लम एरिया, हॉट बाजार तथा ब्लाकों के चिन्हित ग्रामों तक भ्रमण कर मलेरिया से उपचार एवं बचाव के संबंध में जागरूक करेगा। साथ ही रथ में कार्यरत कर्मचारी द्वारा प्रचार प्रसार सामग्री पम्पलेट्स आदि का वितरण कर जनसमुदाय को विस्तृत रूप से समझाश देगा। मलेरिया रथ रीवा शहर के साथ ही रीवा व मऊगंज जिले के 9 विकासखण्डों जवा, त्यौथर, गंगेव, सिरमौर, रायपुर कर्चुलियान, गोविन्दगढ़, मऊगंज, नईगढी, हनुमना ब्लाको के मलेरिया संवेदनशील तथा पहुंच विहीन ग्रामों का भ्रमण करेगा। ग्रामवासियों को मलेरिया व अन्य वाहक जनित बीमारियों के बारे में बचाव व समझाइश देगा। जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव द्वारा जानकारी दी गई कि रीवा जिले में मलेरिया के प्रकरणों में क्रमशः कमी आ रही है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया/डेंगू फैलाने वाले मच्छर रूके हुए साफ पानी में अंडे देते है। इसलिए घर के आस-पास साफ-सफाई रखें तथा कन्टेनरों में पानी 3-5 दिन से ज्यादा जमा न होने दें। कूलर, फ्रिज की ट्रे एवं बर्तनों की सप्ताह में एक बार सफाई अवश्य करें।

घर के आस-पास अनुपयोगी सामान जिसमें पानी एकत्र हो न रखें। उसका उचित निस्तारण करें। पानी से भरे कण्टेनरो को ढक कर रखें ताकि उसमें मच्छर अण्डे न दे सकें। जिन कण्टेनरों का पानी सप्ताह में खाली न किया जा सके उसमें दो चम्मच खाने का तेल, कैरोसिन या जला हुआ इंजन ऑयल डाले। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। पूरी बांह के कपड़े पहनें। मच्छरों के काटने से बचें।

## युवक पर रॉड से हमला, घायल खुद पहुंचा थाने, सिंधी कैंप में हुई वारदात

### पुरानी शिकायत से नाराज होकर आरोपियों ने किया वार



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना के कोलगवां थाना क्षेत्र के सिंधी कैंप में बुधवार रात करीब 12 बजे एक युवक पर रॉड से हमला किया गया। पीड़ित अनिल साकेत उर्फ कल्ला घायल अवस्था में थाने पहुंचा। पुलिस ने तुरंत उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

पुलिस के अनुसार हमला पुरानी रंजिश के चलते किया गया है। आरोपी विक्की चौधरी और उसके साथियों ने अनिल पर हमला किया। पीड़ित ने बताया कि दो दिन पहले उसने आरोपियों के खिलाफ मारपीट की शिकायत की थी। इसी कारण आरोपी नाराज थे।

पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश जारी है। पीड़ित का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## मैहर में बारिश के चलते एक घंटे बंद रही रोपवे सेवा



### मुंडन मुहूर्त पर भक्तों की भीड़, 50 हजार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर स्थित मां शारदा मंदिर में गुरुवार को मुंडन मुहूर्त के चलते भक्तों की भारी भीड़ रही। सुबह 5 बजे माता की आरती के बाद दर्शनार्थियों के लिए गर्भगृह के पट खोले गए। मंदिर प्रशासक और एसडीएम विकास सिंह ने बताया कि 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। भक्त सीढ़ी मार्ग, रोपवे और सड़क मार्ग से ओमनी गाड़ी के माध्यम से मंदिर पहुंचे। दोपहर में मौसम खराब होने से रोपवे सेवा प्रभावित हुई। रोपवे प्रबंधक अशरफ अली के अनुसार, दोपहर 12.20 से 1.25 बजे तक रोपवे का संचालन बंद रहा। इस दौरान करीब 800 दर्शनार्थी प्रतीक्षा करते रहे। मौसम सुधरने के बाद रोपवे सेवा फिर से शुरू की गई। मुंडन मुहूर्त के कारण मंदिर में सामान्य दिनों की तुलना में अधिक भीड़ देखी गई। परंपरा के अनुसार लोग नवजात शिशुओं का मुंडन संस्कार धार्मिक स्थलों पर करवाते हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।